Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 265 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 18 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

जिसने आत्मा को जान लिया, उसने लोक को पहचान लिया।

One who knows soul, he recognized the folks.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा- नक्सलियों के खिलाफ मिली एतिहासिक सफलता

रायपुर (आरएनएस)। कांकेर में सुरक्षा बलों और नक्सली मुठभेढ़ में मिली सफलता तथा पूर्व सीएम के बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बयान सामने आया है। सीएम श्री साय ने कहा कि ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। कांकेर के जंगल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हुई। यह ऐतिहासिक सफलता है, अब तक की सबसे बड़ी सफलता है। जवानों को बधाई देता हूं, छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे बड़ी सफलता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि माओवादी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य में थे। इस बार बड़ी वारदात की कोशिश में थे, जिसे जवानों ने नाकाम कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का लक्ष्य है कि बस्तर नक्सल मुक्त हो। नक्सलियों से वार्ता को लेकर सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है। सीएम ने कहा कि बार बार हमारे गृह मंत्री बोल चुके हैं। वीडियो कांफ्रेंसिंग से चर्चा कर सकते हैं, सीएम होने के नाते मैं भी कहना चाहता हूं शांति वार्ता के लिए हम तैयार हैं। उनके साथ भी न्याय किया जाएगा। वहीं कवर्धा में दिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि हर चीज में प्रश्न चिन्ह खड़ा करना ठीक बात नहीं है। सर्जिकल स्ट्राइक को काल्पनिक कहा था। यह घटना तो उनके ही प्रदेश की है, कैसे उस पर सवाल उठा सकते हैं। यह घटना अगर फर्जी है तो प्रमाणित करें, सबूत दें। बता दें कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कवर्धा में नक्सलियों को लेकर बड़ा बयान दिया था। पूर्व सीएम ने कहा था कि भाजपा सरकार में फर्जी एनकाउंटर होते रहे हैं। छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को डरा धमका कर गिरफ्तार किया जा रहा है। पिछले 4 महीने से डरा धमका कर गिरफ्तार किया जा रहा है। कवर्धा जिले में भी डराया धमकाया जा रहा हैं। प्रेस वार्ता में नक्सली मुठभेड़ को लेकर भूपेश बघेल से सवाल किया गया था।

मुठभेड़ स्थल से बरामद किये गये 29 माओवादियों के शव को कांकेर लाया गया

कांकेर (आरएनएस)। दिनांक 16 अप्रैल 2024 को जिला कांकेर अंतर्गत थाना छोटेबेठिया अंतर्गत हापाटोला, कलपर, बिनागुण्डा एवं कोरोनार के सरहदी जंगलों में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के पश्चात बरामद किये गये 29 माओवादियों के शव को शिनाख्तगी एवं अन्य विधिसंगत कार्यवाही हेतु जिला मुख्यालय कांकेर लाया गया है।

उल्लेखनीय है कि डीआरजी कांकेर एवं बीएसएफ 94वीं वाहिनी की संयुक्त बल द्वारा संचालित इस अभियान के दौरान 15 महिला माओवादी सहित कुल 29 वर्दीधारी माओवादी कैडर के शव बरामद किये गये। घटनास्थल से सर्चिंग करने पर नक्सल हथियार एके 47-01 नग, इंसास रायफल-02 नग, एसएलआर रायफल- 01 नग, कार्बाइन-01 नग, .303 रायफल- 03 नग, 315 बोर रायफल- 02 नग, 9MM पिस्टल- 02 नग, देशी लॉचर- 02 नग, भरमार बन्दूक- 08 नग, देशी हेण्ड ग्रेनेड- 01 नग, सहित भारी मात्रा में एम्युनेशन, नक्सल पिट्ठु, नक्सल साहित्य, विस्फोटक पदार्थ, दैनिक उपयोग की सामग्री आदि बरामद किया गया।

हर एक नक्सली को मारेंगे, पूरा देश होगा आतंकियों से मुक्त : अमित शाह

नई दिल्ली/रायपुर (विसं)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर दोहराया कि भारत से नक्सलवाद शीघ्र ही खत्म होगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कांकेर में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता के बाद सोशल मीडिया में लिखा- पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम छत्तीसगढ़ और पूरे देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकल्पित हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आगे लिखा- मंगलवार 16 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के ऑपरेशन में बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं। इस ऑपरेशन को अपनी जांबाजी से सफल बनाने वाले सभी सुरक्षाकर्मियों को बधाई देता हूं। ऑपरेशन को अंजाम देने में जो वीर जवान घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। नक्सलवाद विकास, शांति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है।

पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार थमा, 19 अप्रैल को होगा मतदान

लोकसभा चुनाव 2024

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों पर बुधवार शाम 6 बजे चुनाव प्रचार थम गया। पहले चरण में सबसे ज्यादा तमिलनाडु की 39 सीटों पर मतदान होगा। इसके बाद राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की 5, अरुणाचल प्रदेश की 2, बिहार की 4, छत्तीसगढ़ की 1, असम की 4, मध्यप्रदेश की 6, महाराष्ट्र की 5, मणिपुर की 2, मेघालय की 2, मिजोरम की 1, त्रिपुरा की 1, पश्चिम बंगाल की 3, जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्ष्यद्वीप और पुडुचेरी की एक सीट पर मतदान होगा।

राजस्थान में पहले चरण की 12 सीटों के लिए गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होने वाला है।

चुनाव का ये है कार्यक्रम : पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को लोकसभा की 102 सीटों पर मतदान होगा। जबकि,

दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को 89, तीसरे चरण के तहत 7 मई को 94, चौथे चरण के तहत 13 मई को 96, पांचवें चरण के तहत 20 मई को 49, छठे चरण के तहत 25 मई को 57 और सातवें चरण के तहत 1 जून को लोकसभा की 57 सीटों पर मतदान होगा। नतीजों की घोषणा 4 जून को होगी।

96.8 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

लोकतंत्र के सबसे पड़े पर्व में इस बार देश भर में 96.8 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.7 करोड़ और महिला मतदाताओं की संख्या 47.1 करोड़ है। इसमें फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 1.82 करोड़ है। इस बार यंग वोटर्स में 21 से लेकर 29 साल के वोटर्स के आंकड़े भी शामिल किए गए हैं, जिनमें 19.74 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

लोकसभा चुनावों के लिए आप का रामराज्य' वेबसाइट लॉन्च

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) नेता सदस्य संजय सिंह, आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जस्मिन शाह ने पार्टी से संबंधित मुद्दों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बात रखी। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की वेबसाइट भी लॉन्च की। इस वेबसाइट को 'आप का रामराज्य' नाम दिया गया है। आप नेताओं ने कहा कि यह पहली राम नवमी है जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। उन्होंने सही मायने में रामराज्य की अवधारणा पर दिल्ली में काम किया है। रामराज्य यही था जहां जनता के लिए राज्य चलाया जाता था। वही काम केजरीवाल कर रहे हैं। जनता के लिए सरकार चला रहे हैं, जहां बिजली, पानी, बच्चों की अच्छी शिक्षा और लोगों के अच्छे इलाज की बात होती है। देश के आजाद होने के बाद से पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि लोगों को मुफ्त बिजली पानी मिल सकता है। जो लोग हमारे कामों को देखना चाहते हैं वे हमारी वेबसाइट पर जाएं।

संक्षिप्त समाचार

गुलाम नबी आजाद नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, अनंतनाग सीट से नाम लिया वापस

अनंतनाग (आरएनएस)। गुलाम नबी आजाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे और उन्होंने अनंतनाग बारामूला सीट से अपना नाम वापस ले लिया है। आजाद को उनकी पार्टी डीपीएपी (डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी) ने उम्मीदवार बनाया था। आजाद ने अनंतनाग में पार्टी बैठक में लोकसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा की। लोकसभा चुनाव में आजाद के हिस्सा न लड़ने से महबूबा मुफ्ती की राह अनंतनाग में और ज्यादा आसान बनती दिख रही है। अनंतनाग का इलाका पहले से ही पीडीपी का मजबूत गढ़ माना जाता है, यहां से पीडीपी को जीत मिलती है। लेकिन इस बार आजाद की दावेदारी ने मुकाबले को दिलचस्प बनाया था, लेकिन अब वो मुकाबलना ही देखने को नहीं मिलने वाला है।

पीएम नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने देशवासियों को दी रामनवमी की शुभकामनाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)। रामनवमी का पर्व पर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, देशभर के मेरे परिवारजनों को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी की अनंत शुभकामनाएं! इस पावन अवसर पर मेरा मन भावविभोर और कृतार्थ है। ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने कोटि-कोटि देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। अमित शाह ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, जय श्री राम! सभी को रामनवमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं। भगवान श्रीराम का जीवन न्याय, जनकल्याण व स्वाभिमान के लिए संघर्ष का प्रतीक है। प्रभु ने अपने जीवन से सत्य व धर्म के लिए त्याग का सर्वोच्च आदर्श स्थापित कर समूचे विश्व को युगों-युगों तक मार्गदर्शित करने का कार्य किया।

भूपेश ने नक्सलियों के एनकाउंटर को फर्जी बताकर जवानों के शौर्य का अपमान किया : विजय शर्मा

नक्सली दलम ने स्वीकार किया कि हमारे साथी मारे गए, और बघेल फर्जी एनकाउंटर बताकर झूठ फैला रहे हैं, बघेल प्रदेश से बिना शर्त माफी मांगें : उप मुख्यमंत्री

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने 29 नक्सलियों के मारे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस एनकाउंटर को फर्जी बताने को जवानों के शौर्य का अपमान बताया है। श्री शर्मा ने सवाल किया कि जिन घायल जवानों से मैं अस्पताल में मिलकर आया हूँ, क्या वह भी फर्जी है? बघेल को इस बात का जवाब देना होगा। बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए विजय शर्मा ने कहा कि 29 नक्सलियों का एनकाउंटर डी आर जी, CRPF, बस्तर फाइटर, CF, पुलिस विभाग के अधिकारियों और बहादुर जवानों के साहस और रणनीति का कमाल है। हमें उन पर गर्व है। यह प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा एनकाउंटर है। बघेल अपने झूठ और जवानों के अपमान के लिए जवानों और प्रदेश से बिना शर्त माफी मांगें, अन्यथा जनता उन्हें माफ नही करेगी।

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह वर्दीधारी सारे के सारे 29 लोग बंदूकधारी थे। उनके पास से एसएलआर, इंसास, एके-47, 303 राइफल्स, यह सब मिले हैं। भूपेश बघेल बताएँ कि क्या यह सब गलत है? पूरे समाज में इस तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश एकदम गलत है। बघेल ने अपने शासनकाल में ढाई सौ सड़के बनाने के लिए कभी ध्यान नहीं दिया। 90 से अधिक पुल-पुलिया बनाने पर ध्यान नहीं दिया। कभी किसी ऑपरेशन के लिए भी पहल नहीं की। जब भाजपा के कार्यकर्ताओं की हत्या होती रही, आम ग्रामीण की, अन्य लोगों की हत्या होती रही तो घड़ियाली आँसू बहाते रहे और आज इस तरह झूठ फैला रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि नक्सली दलम ने पत्र जारी कर स्वीकार किया है कि हमारे अब तक 50 से ज्यादा साथी मारे गए हैं और पुलिस ने भी यही आँकड़ा जारी किया था। जवानों ने जान की बाजी लगाकर यह काम किया है। विजय शर्मा ने इसके प्रमाण के तौर पर नक्सलियों द्वारा जारी किया गया पत्र भी दिखाया। कांग्रेस हमेशा झूठ और भ्रम फैलाने का काम करती है, उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के नेता राहुल गांधी ने भी सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे।

गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र माओवादी रच रहे हैं और दुर्भाग्य से हमारे ही बीच के कुछ लोग उनका मनोबल बढ़ाने वाला बयान देते हैं। लेकिन, हम इसे कतई बर्दाश्त नही करेंगे और वह चाहे कोई भी व्यक्ति या संगठन हो, प्रदेश सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश से आतंकवाद, नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जोरो पर है। कश्मीर में धारा 370 हटी, तो वहां शांति और विकास आया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म करने के प्रति केंद्रीय गृह मंत्री गंभीर हैं। प्रदेश सरकार उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ रही है।

पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैम्पियन, 150 सीटों पर सिमटेगी भाजपा'; संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले राहुल और अखिलेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आज समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण का चुनाव होने जा रहा है। इस बार बीजेपी को गाजियाबाद से गाजीपुर तक इंडिया गठबंधन सफाया करने जा रहा है। बीजेपी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गया है। जो डबल इंजन सरकार का दावा कर रहे हैं, अब वह होर्डिंग में अकेले दिखाई दे रहे हैं। लूट और झूठ बीजेपी का नारा बन गया है। आने वाले चुनाव में देश की जनता बदलाव चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा, 'बीजेपी की हर बात झूठी निकली, उनके वादे झूठे निकले, ना किसान की आय दोगुनी हुई, ना नौजवानों को रोजगार मिला। विकास के जो सपने दिखाए थे वे भी अधूरे हैं। इनका जो नैतिकता का बुलबुला था वे भी टूट गया। चुनावी बॉन्ड ने इनका बैंड बजा दिया। राहुल गांधी ने कहा कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ बीजेपी और आरएसएस लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश रही है, दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस बचाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता ने बताया कि इस समय देश के चुनाव में तीन बड़े मुद्दे हैं। इसमें बेरोजगारी, महंगाई और भागेदारी शामिल है। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'पीएम कितने भी सफाई दे दें, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सबको पता है, पूरा देश जानता है कि पीएम भ्रष्टाचार के चैम्पियन हैं। बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर न नहीं बोला है। उनका कहना है कि कांग्रेस जो कहेगी वो करेंगे। पीएम मोदी के एक इंटरव्यू का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने इसमें चुनावी बॉन्ड को समझाने की कोशिश की। प्रधानमंत्री कहते हैं कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया।

कांग्रेस के युवराज यूपी में चुनाव हारने के बाद इज्जत बचाने के लिए केरल भागे : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर त्रिपुरा पश्चिम सीट से भाजपा प्रत्याशी बिप्लब देव ने पीएम मोदी को माता दुर्गा का शस्त्र गदा भी दिया।

भगवान विष्णु ने मां दुर्गा को महिषासुर का वध करने के लिए गदा दिया था। जिसे शक्ति का प्रतीक भी माना जाता है।

चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बिना नाम लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि सब जानते हैं, कांग्रेस के युवराज यूपी में चुनाव हारने के बाद अपनी इज्जत बचाने के लिए केरल भाग गए थे। इन दिनों केरल के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के युवराज के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। इससे नाराज होकर कांग्रेस के युवराज ने कहा है कि केरल के सीएम भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उनको जेल में डालना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमेशा केंद्रीय एजेंसियों को गाली देने वाले युवराज अब जांच एजेंसी से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं यानी किसी ने कांग्रेस के युवराज की आलोचना की तो वह चाहते हैं कि उसे जेल में बंद कर दिया जाए। भ्रष्टाचार का दोषी कोई भी व्यक्ति छोड़ा नहीं जाएगा। ये हमारा संकल्प है। मैं जब केरल की भ्रष्ट सरकार का सच लोगों के सामने लाता हूं, तब कांग्रेस की बोलती बंद हो जाती है। अब कांग्रेस के युवराज की आलोचना हुई तो कांग्रेस केरल के सीएम को जेल में डलवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि पहले राजनीतिक पार्टियां और सरकारों को नॉर्थ ईस्ट की याद तभी आती थी। जब उन्हें आपके वोट चाहिए होते थे।

रामलला का हुआ सूर्य तिलक, मस्तक पर चमकती रही सूरज की रोशनी

मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

अयोध्या (आरएनएस)। रामनवमी के खास मौके पर अयोध्या के राम मंदिर में उस वक्त अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब प्रभु श्री राम के ललाट पर सूर्य तिलक किया गया। यह अलौकिक नजारा भक्ति से भावविभोर कर देने वाला था। जैसे ही प्रभु श्री राम का सूर्य तिलक हुआ। पूरा मंदिर परिसर श्रीराम के नारे के उद्घोष से गूंज उठा। सूर्य तिलक का यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। रामनवमी के दिन रामलला की विशेष पूजा की गई। वहीं अयोध्या में भक्तों का जनसैलाब आया हुआ है। ठीक दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक हुआ। सूर्य तिलक होने के बाद भगवान श्री राम की विशेष पूजा की गईं और आरती उतारी गई।

इससे पहले सुबह से ही भक्तों की उमड़ी भीड़ है। रामनवमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या में राम मंदिर में भगवान रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंचे हैं। रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में राम मंदिर के साथ ही हनुमानगढ़ी में भी बड़ी संख्या में भक्तों की रौनक है। रामनवमी पर अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया, व्यवस्था पहले से ही की गई है। हमने इलाकों को दो सेक्टर में बांटा है। दर्शन सुबह 3:30 बजे से शुरू हो गए हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, श्री रामनवमी की पावन बेला में आज, श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्री रामलला सरकार का दिव्य अभिषेक किया गया। श्रद्धालु रात 11:30 बजे तक (20 घंटे) दर्शन कर सकेंगे। सुबह कपाट खुलने के बाद रामलला का दूध से अभिषेक, फिर श्रृंगार किया गया। इस दौरान भक्त रामलला का दर्शन भी करते रहे। सुबह 5 बजे मंगला आरती हुई। राम जन्मभूमि परिसर में लंबी लाइनें लगी रही। राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर काफी भीड़ रही। शयन आरती के बाद रात 11:30 बजे रामलला के कपाट बंद किए गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्लेन में जूता उतारा, टैबलेट में देखा रामलला का 'सूर्य तिलक'

नई दिल्ली (आरएनएस)। चुनावी व्यस्तता के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामलला के इस अद्भुत सूर्य तिलक के दृश्य को लाइव देखा। आम श्रद्धालुओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। उन्होंने असम दौरे के दौरान हवाई जहाज में बैठे-बैठे सूर्य तिलक का लाइव प्रसारण देखा। पीएम ने इसकी एक तस्वीर साझा की है। इसमें देखा जा सकता है कि कैसे वह अपना जूता उतारकर कुर्सी पर बैठे हुए हैं। उनके हाथ में टैबलेट हैं जिसके जरिये वे सीधा प्रसारण देख रहे हैं। उन्होंने अपने दाहिने हाथ को प्रणाम की मुद्रा में सीने से लगा रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रामलला के अद्भुत सूर्य तिलक के दृश्य को लाइव देखते हुए अपनी तस्वीरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कहा कि नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, गुरुवार 18 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग को आवागमन के लिए खोली जाये : राजेंद्र ताम्रकार

भिलाई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि लगभग दो माह पूर्व भिलाई पावर हाउस चौक से भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन मुख्य पहुंच मार्ग पर रेलवे के ठेकेदार द्वारा बोल्डर एवं मलमा डलवा कर रोड को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है जिसके कारण इस मार्ग से वाहन चालक रेलवे स्टेशन नहीं पहुंच पा रहे हैं जिसके कारण आम यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोरा तथा भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य लक्ष्मन तिवारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रभाकर राव जनबंधु तथा नागेंद्र तिवारी एवं युवा नेता शिवराज ताम्रकार आदि ने भी उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर एवं स्थानीय प्रभारी रेलवे स्टेशन भिलाई पावर हाउस को भी पत्र लिखकर तत्काल स्टेशन आने जाने वाले मार्ग पर आम नागरिकों को परेशान करवाने के लिए रखवाये गए बोल्डर एवं मलमा को हटवाने की मांग की है जिससे आम यात्रियों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

माओवादियों ने की भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

नारायणपुर-रायपुर(आरएनएस)। नारायणपुर के ग्राम दण्डवन में रात करीब 11:00 बजे माओवादियों ने भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी. मृतक बीजेपी कार्यकर्ता पंचमदास मानिकपुरी दण्डवन गांव के उपसरपंच के पद में कार्यरत था. इतना ही नहीं हत्या के बाद घटना क्षेत्र में माओवादियों द्वारा पोस्टर पॉम्पलेट डाले गए है. जिसमें बीजेपी कार्यकर्ता पर पुलिस को मुखबीरी करने का आरोप है।

सीबीआई ने कोल घोटाले में एसईसीएल के अफसरों का बयान किया दर्ज

अंबिकापुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में हुए कोल घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने एसईसीएल के रेहर भूमिगत खदान परियोजना में अपनी जांच करने के बाद वापस लौट गई है। जांच में दस्तावेजों की पड़ताल व संबंधित अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए। जुलाई 2022 में घोटाला सामने आया था. तब कंपनी की विजिलेंस टीम ने रेहर खदान के कोल स्टॉक की जांच में 2700 टन कोयला कम पाया था. बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की पुष्टि हो जाने के बाद विजिलेंस टीम खदान के दस्तावेजों को जब्त कर अपने साथ ले गई थी. सीबीआई टीम के पहुंचने से दोषी अधिकारियों की धड़कनें बढ़ गई हैं. इससे पहले सीबीआई की टीम छह जनवरी को पहली बार यहां जांच में पहुंची थी दो दिन जांच के बाद लौट गई. टीम दूसरी बार 18 फरवरी को यहां फिर पहुंची और 22 दिनों तक सबूत एकत्र करती रही. अब तीसरी बार 10 अप्रैल को सीबीआई की टीम यहां पहुंची।

स्व.अलख राम यादव प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा अन्तर्गत मां कल्याणी शीतला मंदिर मरोदा टैंक रिसाली भिलाई पहुंच कर मां कल्याणी माता का आशीर्वाद प्राप्त किया व क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा आयोजित स्वर्गीय अलख राम यादव प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। क्षेत्र के प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान किया जाता हैं इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमारे क्षेत्र प्रतिभा के धनी है यहां सभी खेलो के प्रतिभाशाली लोग है जो अपने काबिलियत के बल पर देश दुनिया में अपना नाम रौशन कर रहे हैं। इसी कड़ी में एक ग्रामीण अंचल की बेटी महज उम्र 15 वर्ष गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में तैराकी में नाम रोशन करने वाली बेटी चंद्रकला ओझा व लोक गायिका दूरदर्शन कलाकार सुश्री ममता शिंदे को आज स्वर्गीय अलख राम यादव पुरस्कार प्रदान किया गया। यह क्षण हमारे लिए गौरव शाली है और उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आयोजन समिति अध्यक्ष अरुण वर्मा, संरक्षक पनू यादव, हरी सेन मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्रकार, समाज सेवी सोनू राम सिंग, पार्षद विधि यादव,मनीष यादव,सरिता देवांगन राजू लाल टिकेश्वरी यादव,तेज राम साहू ऊषा यादव शिक्षिका व चंद्रकला ओझा व बड़ी संख्या में देव तुल्य नारी शक्ति माताएं व श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 : 21 हजार दीप जलाकर दिया गया मतदान का संदेश

दीपों के जगमग से रोशन हुआ बलौदाबाजार स्वीप

कलेक्टर के.एल. चौहान ने शतप्रतिशत मतदान के लिए दिलाई शपथ

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.एल. चौहान के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अन्तर्गत बुधवार को नगर भवन बलौदाबाजार में स्वीप दीप का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री के.एल. चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानन्द कुमार ने दीप प्रज्वलित कर स्वीप दीप का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 21 हजार दीप जलाकर मतदान का संदेश दिया गया।दीपों के जगमग से बलौदाबाजार स्वीप लिखा आकृति रोशन होकर चमकने लगा।इसअवसर पर कलेक्टर श्री चौहान ने शतप्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में कलेक्टर ने उपस्थित लोगों को आगामी निर्वाचन में लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग करने की शपथ दिलाई। उन्होंने 7 मई को सभी मतदाताओं को अवश्य मतदान करने की अपील भी की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, एसडीएम श्री अमित गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर आर डूबे एसडीओपी निधि नाग सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, समूह की महिलायें एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी, सुरक्षित, समृद्ध विकसित भारत की गारंटी : अरुण साव

उप मुख्यमंत्री ने कहा- भाजपा के संकल्प पत्र में 10 वर्षो के ट्रैक रिकार्ड के साथ 25 सालो का विजन

दुर्ग (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी' को विकसित भारत का संकल्प पत्र बताते हुए कहा है 76 पन्नों का यह संकल्प पत्र के देशभर से मिले 15 लाख सुझावों का प्रतिबिम्ब है जिसे 24 समूहों में बाँटा गया है। 10 सोशल ग्रुप में गरीब, युवा, मध्यम वर्ग, मछुआरे, वंचित वर्ग, सीनियर सिटीजन, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग शामिल हैं। वहीं, गवर्नेंस को 14 सेक्टर्स में बाँटा गया है। श्री साव ने कहा कि संकल्प पत्र में भारत के अन्य देशों से संबंध, आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा, समृद्ध भारत, ईज ऑफ लिविंग, विरासत का विकास, गुड गवर्नेंस, सुशासन, स्वस्थ भारत, शिक्षा, खेल, सभी सेक्टर्स का विकास, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को रखा है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मंगलवार को दुर्ग में आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि पूरे देश ने इस बात को माना है कि मोदी की गारंटी, यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी। भाजपा जो कहती है, उसे तो पूरा करती ही है और जो नहीं भी कहती है लेकिन जनता के हित में यदि वे जरूरी होते हैं, तो उसे भी पूरा करके दिखाती है। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए जाने वाला संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। आज देश की जनता को विश्वास है कि यदि मोदी की गारंटी है तो यह पूरा होकर रहेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2014 और 2019 में प्राप्त पूर्ण बहुमत को गांव, गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा और किसान को समर्पित किया। उनके शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण राष्ट्र का विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मज़बूत स्तंभ- युवा शक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब, सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस डिग्निटी ऑफ लाइफ क्वालिटी ऑफ लाइफ और निवेश से नौकरी पर है। इस संकल्प पत्र में क्वांटिटी ऑफ अपार्च्युनिटीज और क्वालिटी ऑफ अपार्च्युनिटीज, दोनों पर बहुत जोर दिया गया है। एक तरफ हमने कई सारे इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण से बड़ी संख्या में रोज़गार बनाने की बात की है। दूसरी तरफ़ हम स्टार्टअप और ग्लोबल सेंटर्स को बढ़ावा देकर हाई वैल्यू सर्विसेज़ पर भी ध्यान देने जा रहे हैं। श्री साव ने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो, सस्ती हो। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। अब भाजपा ने यह संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हों, मध्यम वर्ग के हों या फिर उच्च मध्यम वर्ग ही क्यों न हों, उन्हें 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। श्री साव ने कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा भी है। श्री साव ने कहा कि भारत आज वुमैन लेड डेवलपमेंट में दुनिया को दिशा दिखा रहा है। पिछले 10 वर्ष नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारी शक्ति की नई भागीदारी के होंगे। भाजपा का संकल्प, भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। इससे वैल्यू एडीशन होगा, किसान का फायदा बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे।

पिछली कांग्रेस सरकार की प्रमोशन में आरक्षण की अधिसूचना रद्द

छ.ग. हाईकोर्ट ने माना ये सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित मापदंडों के खिलाफ

बिलासपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार की उस अधिसूचना को निरस्त कर दिया है जिसमें शासकीय सेवकों के लिए पदोन्नति में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच में मामले की अंतिम सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार संवैधानिक संशोधन के बिना इसे लागू नहीं किया जा सकता।

बता दें कि राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार ने 22 अक्टूबर 2019 को आरक्षण में प्रमोशन के लिए अधिसूचना जारी की थी। इसके अनुसार चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्रथम श्रेणी तक के कर्मचारी, अधिकारियों के लिए आरक्षण दिया जाना था। यह आरक्षण अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत दिया जाना था। अधिसूचना को रायपुर के एस संतोष कुमार ने अधिवक्ता योगेश्वर शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें कहा गया कि राज्य सरकार का आदेश सुप्रीम कोर्ट के आदेश व आरक्षण नियमों के विपरीत है। इस पर तत्कालीन राज्य सरकार को नोटिस जारी कर कोर्ट ने जवाब मांगा था। राज्य सरकार ने माना था कि अधिसूचना में त्रुटियां हैं। इसमें संशोधन के लिए उसने समय मांगा था। राज्य सरकार की संशोधित अधिसूचना को भी हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरुद्ध माना था और इस पर रोक लगा दी थी।

युवीन पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण कार्यक्रम का हुआ डिजिटाइजेशन

राजनांदगांव (आरएनएस)। युवीन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। कोविड वैक्सीनेशन पोर्टल की तर्ज पर बनाए गए युवीन पोर्टल में 0 से 2 वर्ष के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत लगाए गए सभी टीकों की ऑनलाइन एंट्री युवीन मोबाइल प्लेटफार्म के माध्यम से हो रही है। जिससे सभी हितग्राहियों की ट्रैकिंग सही समय पर हो पाएगी तथा हितग्राही का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से सुरक्षित हो जाएगा। जिससे भारत में कहीं भी हितग्राही अपना टीकाकरण करवाकर गंभीर जानलेवा बीमारियों से बच सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों तथा टीकाकरण सत्रों में नि:शुल्क टीकाकरण किया जाता है।

जमाअत ए इस्लामी हिंद, रायपुर यूनिट द्वार को अल-फलाह टावर बैरन बाजार में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईद मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

सभी धर्म और समाज के लोग हुए शामिल

रायपुर (विश्व परिवार)। जमाअत ए इस्लामी हिंद, रायपुर यूनिट द्वार को अल-फलाह टावर बैरन बाजार में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईद मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन जिसमें सभी धर्म और समाज के लोग शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में माननीय प्रफुल्ल ठाकुर जी अध्यक्ष प्रेस क्लब रायपुर, श्री नंदलाल साहब प्रबंधक शदाणी दरबार रायपुर, श्री दिलेर सिंह जी प्रबंधक तेलीबांधा गुरुद्वारा रायपुर , फादर सेबेस्तियन बैरन बाजार चर्च एवं श्री मेंतानंद भंते जी प्रबंधक बुद्ध विहार बिरगांव उपस्थित हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब मोहम्मद अहमद साहब सेक्रेटरी जमाअत ए इस्लामी हिंद, नई दिल्ली ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बना रहे।

ईद मिलन कार्यक्रम का आगाज़ हाफिज अर्मुगान द्वारा कुराअन की तिलावत से की गई उसके बाद जनाब फ़हीम उल्लाह ने प्रारंभिक भाषण में ईद मिलन कार्यक्रम में आने पर सभी का स्वागत किया और ईद की मुबारकबाद पेश की। इस में विशेष अतिथि के रुप आए श्री प्रफुल्ल ठाकुर जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा मैं बचपन में किताबों में पढ़ा करता था हिंदू मुस्लिम सिख इसाई आपस में भाई-भाई आज यहां कार्यक्रम में आने पर मुझे यह देखने को मिला और कहा ईद की सेवई की जो मिठास है वह हमारे जबानो में भी उतर जाए तो हम हमेशा ऐसे ही मिलकर रहेंगे जैसे आज यहां देखने को मिल रहा है इसी के साथ उन्होंने इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने पर जमाअत ए इस्लामी का शुक्रिया अदा किया और रायपुर प्रेस क्लब की तरफ से सभी को ईद की मुबारकबाद दी, श्री नंदलाल साहब ने कहा ईश्वर का नाम रख लेने से कोई ईश्वर नहीं बन जाता या किसी बड़ी से बड़ी मंदिर या मस्जिद में इबादत कर लेने से बड़ा इन्सान नहीं होता बल्कि उसका मन साफ होना और ईश्वर के बताए हुए मार्ग पर चलने और एक दूसरे के काम आने पर ही इंसान बड़ा और अच्छा होता है साथ ही उन्होंने संस्था द्वारा किए जाने वाले काम के सराहना कि और कहा ऐसे कार्यक्रम से शहर की अच्छी फिजा़ बनी रहती है। सर्व आस्था मंच के पदाधिकारी श्री मनमोहन सिंह सैलानी जी ने कहा धर्म से बड़ा कोई नहीं इंसानियत और मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है सभी मानव जाति को आपस में भाईचारे के साथ रहना चाहिए जिसकी यह कार्यक्रम आज एक मिसाल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जमाअत ए इस्लामी हिंद के सेक्रेटरी जनाब मोहम्मद अहमद साहब ने रमज़ान के रोज़े की अहमियत बताते हुए कहा कि रोजा़ इंसान के अंदर ईश्वर का डर पैदा करता है और जिस इंसान के अंदर ईश्वर का डर नहीं हो वह जानवर की तरह हो जाता है और हर बुरे काम करने लगता है।

PUBLIC NOTICE

U/S 72 of Indian Partnership Act,1932

Be it known to all that **Sneha Malu D/o Shri Ajay Malu** has retire w.e.f. 31st March, 2024 from the partnership firm V Maloo & Associates , Ground Floor, C-74, Sector-4, Devendra Nagar, Raipur (C.G.), bearing firm registration no. 222201876215 dated 23/01/2008. And it is also agreed to dissolve the partnership firm and convert it into a sole proprietorship to be owned and operated by **Mr. Vijay Maloo S/o Shri Uttam Chand Maloo.** FURTHER it is also agreed that **Mr. Vijay Maloo S/o Shri Uttam Chand Maloo** shall have the right to carry on the profession with all assets, liabilities, rights, privileges, obligations as a going concern under Proprietorship Status.

Raipur (C.G.)
Date: 31.03.2024

For, V Maloo & Associates
(Vijay Maloo)
Partner

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./10711/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10711
वार्ड का नाम- 40 - ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569N00107** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GANGA BAI CHOPKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SOMRAO CHOPKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DIWAKAR CHOPKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SOMRAO CHOPKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./10717/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10717
वार्ड का नाम- 40 - ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560D00560** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **1. DINESH KUMAR SHARMA 2. MANISH KUMAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. REVA PRASHAD SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMAD ZAFAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. ABDUL RAJJAK** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./10721/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10721
वार्ड का नाम- 40 - ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR759A00195** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PUNIT RAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. DROPATI DEVI DEWANGAN 2. SANJAY, ANITA, SANDEEP** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PUNIT RAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/......... / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री सुशील कुमार चौधरी
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./10722/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10722
वार्ड का नाम- 42 - पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR566C00270** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **CHANDRIKA PANDEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOVIND PRASAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DEVANSH TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAGHVENDRA KUMAR TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत वसीतय नामा**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./10724/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10724
वार्ड का नाम- 42 - पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR566C00274** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ISHRAD KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ISTIYAR KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AJITABA MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SAMPATI KUMAR MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./10714/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10714
वार्ड का नाम- 40 - पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560D00561** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **1. SHIV KUMAR SHARMA 2. RAKESH SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. MAKHAN LAL SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMED JAVED** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. ABDUL RAJJAK** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./10720/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10720
वार्ड का नाम- 66 - वामनराव लाखे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 66 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR664C0327A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **1. ASHWANI KUMAR SAHU 2. SHAKUNTALA SAHU 3. NEELIMA SAHU 4. KANCHAN SAHU 5. KU. KALPANA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHAWANI PRASAD SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KHEMKARAN SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GANPAT LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./10683/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 16-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10683
वार्ड का नाम- 68 - खूबचंद बघेल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 68 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567C0086B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DEEPAK CHANDRAKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIRENDRA CHANDRAKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KAMITHLA DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIRENDRA DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर गुरूवार 18 अप्रैल 2024

ज्योत्सना महंत के नामांकन में पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेता

नामांकन जनसभा में उमड़ा सैलाब

कोरबा(विश्व परिवार)। लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने मंगलवार को शुभ मुहुर्त में अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल उपस्थित रहे। ज्योत्सना महंत के नामांकन अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन एयर आडिटोरियम में आमसभा आयोजित की गई जिसमें कोरबा के अलावा रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, भरतपुर सोनहत, मनेन्द्रगढ़ व बैकुंठपुर-कोरिया विधानसभा से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, जनपद, जिला पंचायत, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आठों विधानसभा से कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष, सेवा दल महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई व कांग्रेस के श्रमिक संगठनों से जुड़े कोने-कोने से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के मात्र 2 सांसद भाजपा के 9 सांसदों पर भारी थे। पूरे 5 साल छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाते हुए हम अधिकारों के लिए लगातार लड़ते रहे। वे पूछते हैं कि 5 साल तक मैंने क्या कि तो वे जनता को बताएं कि 10 साल तक उन्होंने क्या किया। डबल इंजन की सरकार और भाजपा के 10 सांसद भी मिलकर ट्रेन नहीं चला पा रहे हैं, विकास तो दूर की बात। दरअसल उनके पास कांग्रेस-गांधी परिवार को बुरा कहने व नीचा दिखाने का एकमात्र मुद्दा है। वे सिर्फ मोदी की गारंटी लेते हैं लेकिन हम पूरे कांग्रेस की गारंटी लेकर देश में सरकार बनाने के लिए जनता के बीच आए हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि न्याय पत्र की गारंटी कांग्रेसियों को घर-घर पहुंचाना है। डॉ. शिव डहरिया, मोहन मरकाम, अर्चना पोर्ते ने भी अपनी बात रखी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुटकियां लेते हुए कहा कि दुर्ग में सरोज पाण्डेय की दाल नहीं गली तो वे कोरबा आ गई हैं। बघेल ने कहा कि मात्र 4 माह की विष्णुदेव सरकार में बिजली सांय-सांय कट रही है। गरीबों का चावल, आदिवासियों का चना, गुड़, शक्कर, नमक सांय-सांय बंद हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले ठगने का काम करते हैं, पहले रमन सिंह ने ठगा और अब साय की सरकार। कटाक्ष किया कि विष्णुदेव को भोग लगाए बिना राइस मिलरों का डीओ नहीं कटता। चावल वाले भोग लगा रहे और दारू वाले तर्पणी कर रहे हैं। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि संसद में कांग्रेस के 2 विधायकों ने 5 साल तक भाजपा के सांसदों व मोदी की नाक में दम कर रखा था और मुखरता से कोरबा लोकसभा की आवाज ज्योत्सना महंत उठाती रही। उन्होंने कहा कि जिन्हें दुर्ग की जनता ने नकार दिया, मतदाताओं ने नहीं अपनाया, उनको कोरबा में भेज दिया गया। दुर्ग लोकसभा में इनका थप्पड़ कांड भले लोग भूल गए हों लेकिन साहू समाज के एक व्यक्ति को थप्पड़ पर दुर्ग की जनता ने इन्हें कुर्सी से ही हटा दिया। एक तरफ थप्पड़ मारने वाली तो दूसरी तरफ जनता की बात करने वाली आपके सामने है।

संक्षिप्त समाचार

डॉल्फिन बस खड़ी ट्रक से टकराई : चालक की मौत

कोरबा(विश्व परिवार)। नगर से ओडिशा जाने निकली डॉल्फिन बस सर्विस की एक बस अंगुल के पास खड़ी ट्रक से जा टकराई। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार इस बस में 26 लोग सवार थे। इनमें कोरबा के 15 और रायगढ़ के 11 यात्री शामिल थे। ओडिशा के अंगुल के पास बस सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसी। जानकारी के मुताबिक, सोमवार की शाम 6 बजकर 10 मिनट पर कोरबा टीपी नगर बस स्टैंड से पुरी के लिए डॉल्फिन की यात्री बस रवाना हुई। इसमें 15 लोग सवार थे। बाद में रायगढ़ में 11 लोग बस में और चढ़े। 26 लोगों को लेकर बस ओडिशा जा रही थी, लेकिन अंगुल के पास मंगलवार सुबह 5 बजे वो खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में बस ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई, वहीं हेल्पर गंभीर रूप से घायल है। बस में सवार 6 यात्री भी घायल हुए हैं, जिन्हें पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस बस में सवार कोरबा के दर्री के रहने वाले कमलेश साहू ने बताया है कि अंगुल से लगभग 15 किलोमीटर दूर बस रेत परिवहन कर रहे ट्रक से जा टकराई।

मतदान कर्मियों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

कोरबा(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल निष्पादन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के सभी विकासखण्डों में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोरबा के विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कल मतदान कर्मियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 व 03 शामिल हैं। यह प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। प्रथम पाली प्रात: 9:30 से 12:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित हुई। इसी प्रकार जिले के अन्य विकासखण्डों में भी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। गौरतलब है कि विगत 02 अप्रैल 2024 से मतदान कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही अकारण अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

ज्योत्सना की नामांकन रैली में उमड़ा जन सैलाब

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत की नामांकन रैली में आज सुबह से ही जन सैलाब उमड़ पड़ा। यहां डॉ. भीमराव ऑडिटोरियम में सुबह से ही लोगों का जमावड़ा जुटने लगा। जिसका नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत समेत कांग्रेस के तमाम दिग्गज एवं आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा रैली में शामिल होने के लिए लोगों से लगातार अपील दर अपील की जा रही है। कोरबा में लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती महंत का आज सुबह नामांकन होना है। इसके लिए समय 1 बजे के बाद से मुहूर्त किया गया है। रैली में शामिल होने के लिए सुबह से ही लोगों का जुटना शुरू हो गया है। इसमें डॉ. महंत के अलावा सक्ती से भी काफी संख्या में यहां कार्यकर्ता पहुंचे। कोरबा शहर क्षेत्र के अलावा कटघोरा, रामपुर, पाली तानाखार के साथ ही मरवाही के अलावा कोरिया एमसीबी जिले में पडने वाली तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता भी यहां पहुंचे। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत डिक्सेना के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थक शामिल हुए।

चोटिया-चिरमिरी मुख्य मार्ग पर पहुंचा हाथियों का दल, आवागमन रहा बाधित

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले के कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में बड़ी संख्या में मौजूद हाथी तीन अलग-अलग झूंडो में विचरण कर रहे है। जहां 22 हाथियों का दल रेंज के कापा नवापारा में जमे हुए है। वहीं 18 हाथी लालपुर क्षेत्र में सक्रिय है जबकि पांच हाथी चोटिया क्षेत्र पहुंच गए है। पांच हाथियां का यह दल बीती रात चोटिया -चिरमिरी मुख्य मार्ग पर पहुंच गया था। हाथियो के मुख्यमार्ग पर पहुंचने के कारण अफरा-तफरी मच गयी और वाहनो की रफ्तार थम गई। आने जाने वाले लोग हाथियो की वजह से लगे जाम में फंसे रहे और सडक के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और मुख्य मार्ग पर मौजूद हाथियो को खदेडा । तब आवागमन सामान्य हुआ। और लोग अपने-अपने गंतव्य को रवाना हुए इस बीच सूरजपुर से आए लोनर हाथी का लोकेशन परला क्षेत्र में मिलने पर वन विभाग का अमला क्षेत्र में पहुंचकर लोनर की निगरानी में जुट गया है। इधर कोरबा वन मण्डल के गेराव क्षेत्र में दो हाथी अभी भी विचरण कर रहे है।

बालको जोन में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

अपर आयुक्त ने मतदाताओं को दिलाई मतदाता शपथ

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिला, पुरूष, युवा, बुजुर्ग सहित छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नाटक, रैली, नारा लेखन निबंध, भाषण, पोस्टर तथा अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोन अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की दिशा में जागरूक किया गया। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा अन्य मतदाताओं को इस हेतु जागरूक करने का आग्रह किया। बालको जोन में आयोजित मतदाता रैली, विभिन्न बस्तियों व रहवासी क्षेत्रों से होते हुए मिनीमाता स्कूल के समीप समाप्त हुई। अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर निगम के उपायुक्त श्री बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर श्री एन.के.नाथ, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

देशी कट्टा बेचने ग्राहक की तलाश कर रहा युवक पकड़ाया

कोरबा(विश्व परिवार)। शहर की कोतवाली पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। युवक अपने पास रखे देशी कट्टा को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था इसी दौरान मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस.चौहान एवं नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन पर कोरबा जिला में अवैध कारोबारियों, शातिर निगरानी, गुण्डा बदमाशो पर आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए आचार संहिता का पालन किए जाने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में दिनांक 15 अप्रेल सोमवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति राताखर देशी शराब भट्टी के पास गौ माता चौक के पास अवैध रूप से देसी कट्टा लेकर बेचने के फिराक से घूम रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस तथा साइबर टीम के द्वारा तत्काल टीम बनाकर आरोपी को देशी शराब भट्टी रताखार चौक के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके कब्जे से एक नग देशी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम विशाल साहू पुरानी बस्ती कोरबा का रहने वाला बताया तथा देशी कट्टा रखने के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने बोले जाने पर किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना बताया गया।

भाजपा के घोषणा पत्र से युवाओं को नौकरी एमएसपी की गारंटी गायब : विनोद चंद्राकर

भाजपा के घोषणा पत्र में जनता के लिए कुछ नहीं, केवल जुमलेबाजी

महासमुंद(विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी होने पर पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी 10 सालों से सत्ता में है, पहले वो अपने पिछले घोषणा पत्र की समीक्षा करके जनता को यह बताएं कि कितने वादों को पूरा किया है। उसके बाद नए घोषणा पत्र पर बात करें। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में सिर्फ जुमलेबाजी है, इसमें आम जनता के लिए कुछ भी नहीं। उन्होंने कहा कि पिछले घोषणा पत्र में भाजपा ने 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने की बात कही थी, किसानों की आय दुगनी करने की बात कही थी, भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का वायदा किया था जो सिर्फ जुमलेबाजी साबित हुआ। देश के विभिन्न कोनों में बेरोजगार युवाओं ने प्रदर्शन और आंदोलन किया। लेकिन, इन सब की आवाज को दबा दिया गया। आज जिसकी भी आवाज को दबाया जा रहा है, कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में उन सब की आवाज को उठाया है। कांग्रेस की सरकार आने पर सबको लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने का अधिकार दिया जाएगा। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र पूरी तरीके से झूठ पर आधारित है। इसमें कहीं भी महिलाओं को ना सम्मान दिया गया है और ना ही किसी प्रकार की आर्थिक सहायता दी जा रही है। घोषणा पत्र में किसानों की मांग को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया है। जिससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार को किसानों से कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को एक लाख प्रति वर्ष देने का वादा किया गया है।

स्वीप के तहत कमला नेहरू महाविद्यालय में रंगोली एवं नारा लेखन प्रतियोगिता हुई आयोजित

ग्रामीण क्षेत्रों में भी निरंतर चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में कमला नेहरू महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नारा लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी ज्योति दीवान के नेतृत्व में ईएलसी क्लब के सदस्य एवं सभी छात्र-छात्राओं ने उपरोक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कमला नेहरू महाविद्यालय में विगत दिवस आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में कुमारी विनीता पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रतीक यादव द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में सुभा महंत प्रथम स्थान, ममता बंजारे द्वितीय स्थान एवं पोस्टर प्रतियोगिता में विनीता पटेल प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान कुमारी गीता ने प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बधाई दी एवं समस्त छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय गोपालपुर में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान हेतु शपथ एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संकल्प लिया गया तथा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। भारत स्काउट एवं गाइड आदिवासी कन्या आश्रम तुमान की छात्रा बुलबुल ने महिलाओं को हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रजगामार में ग्रामीणों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए शपथ लेकर रैली निकाली।

भूपेश बताएं इनकी सरकार में कैसे हुआ 5000 करोड़ रुपए का चावल घोटाला- लखनलाल देवांगन

सांय-सांय चल रही है छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी की गारंटी, मुफ्त राशन की योजना में कोई परिवर्तन नही

कोरबा(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ सरकार के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा है कि राजनांदगांव से लोकससभा प्रत्याशी भूपेश बघेल अपनी सभाओं में छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी के गारंटी को लेकर दुष्प्रचार करने में जुटे हैं। भूपेश ने अपने एक चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस सरकार में प्रति परिवार मिलने वाला 35 किलो चावल 5 किलो प्रति व्यक्ति हो जाएगा। लखनलाल ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस जानती है कि विधानसभा चुनाव की तर्ज पर इस बार लोकसभा चुनाव में उसके एक भी प्रत्याशी जीतने वाले नहीं हैं। अब तो कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशियों को खुद की जमानत जब्त होने का डर सता रहा है। इसलिए भूपेश बघेल भी प्रति परिवार मुफ्त 35 किलो चावल और राशन सामग्री बंद हो जाने का जनता के बीच भ्रम फैलाने में जुटे हैं। यह भूपेश बघेल और कांग्रेस की घटिया सोच को दर्शाता है कि कभी पीएम मोदी को गाली देना तो कभी मोदी की गारंटी को लेकर दुष्प्रचार करना। लेकिन जनता जानती है कि कांग्रेस ने जैसे प्रदेश में सत्ता पाने के लिए महिलाओं और युवाओं से झूठे वादे किए थे, ठीक उसी तरह से कांग्रेस अपने झूठे न्याय पत्र से केंद्र की सत्ता पाने के लोभ में मोदी की गारंटी पर भ्रम फैलाना शुरू कर दिया है. मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि, गरीबों को प्रति परिवार 35 किलो चावल और अन्य सामग्री के वितरण करने की योजना केंद्र की मोदी सकार की है। लेकिन भूपेश बताएं कि जब उनकी छत्तीसगढ़ में सरकार थी तो गरीबों के 5000 करोड़ रुपए का चावल घोटाले हुआ था। इसकी निष्पक्ष जांच क्यों नहीं हुई? भूपेश बघेल सरकार के दौरान कैसे चावल घोटाला सांय सांय हो रहा था तो वे क्यों चुप थे, इसके कारण भी जनता को बताएं । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मोदी की गारंटी में गरीबों के हितों में चल रही है वह सांय सांय भ्रष्टाचार से मुक्त होकर चलेंगीं। लेकिन कांग्रेस की भूपेश सरकार ने चावल, कोयला, डीएमएफफंड सहित कई घोटाले किए है।

ग्राम माण्डर के साप्ताहिक बाजार में लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

सूरजपुर(विश्व परिवार)। मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर विकासखण्ड ओड़गी के ग्राम माण्डर के साप्ताहिक बाजार में लोगों को शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें मतदान करना क्यों आवश्यक है, बताया गया कि अपने देश के लिए वोट करने की शक्ति लोकतांत्रिक देश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे देश में बहुत से लोग वोट डालने के पात्र हैं, लेकिन कुछ ही लोग इसके प्रति उत्साहित हैं। हर चुनाव के साथ, मतदान प्रतिशत में सकारात्मक वृद्धि हुई है। मतदान में इस तरह की वृद्धि एक सकारात्मक है, क्योंकि प्रत्येक वोट हमारे देश के बेहतर भविष्य के लिए मायने रखता है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शांति देवी, श्रीमती सावित्री, श्रीमती सुशीला का योगदान रहा। शपथ बी पी ओ मोहम्मद महमूद के द्वारा कराया गया यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर व निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के निर्देश व मुख्य कार्यपालन अधिकारी व स्वीप नोडल श्रीमती नंदिनी साहू के मार्गदर्शन पर कराया जा रहा है।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर गुरूवार 18 अप्रैल 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

मुलायमियत न बरती जाए

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में उन्हाणी गांव के करीब स्कूल बस के पेड़ से टकराने पर छह बच्चों की मौत वाकई दिल कचोटने वाली है। हादसे के वक्त चालक नशे में था। बस में 43 बच्चों समेत एक शिक्षिका भी थी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि 34 छात्र घायल हो गए, जिनमें से नौ आईसीयू में हैं। बस चालक, प्रधानाचार्या और स्कूल सचिव को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। चालक तेज गति से वाहन चला रहा था, मोड़ पर संतुलन खोने से बच्चे खिड़कियों से बाहर उछल कर गिर गए। मरने वाले छात्र 13 से 16 साल की उम्र वाले हैं। हादसे के बाद प्रशासन और नेताओं ने रस्मादायगी करने में देर नहीं की। इस दुर्घटना में पूर्व मंत्री के परिवार का बच्चा भी मारा गया है। दिल दहलाने वाले इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी। साथ ही, विद्यालय पर सख्त कार्रवाई की बात भी हो रही है। पुनः यह बात नहीं की जा रही कि छात्रों की जिंदगी को जोखिम में डालने वालों पर नकेल कैसे डाली जाए। देश भर से कहीं-न-कहीं से इस तरह के हादसों की खबरें आती रहती हैं। स्कूलों के लिए विभिन्न नियम बनाए जाते हैं मगर उनको निर्धारित करने और उन्हें सख्ती से लागू करने वालों को जिम्मेदार नहीं बनाया जाता। थोक के भाव में गली-गली स्कूल खोले जा रहे हैं, उन पर दूर-दराज से बच्चों को लाने-ले जाने की परिवहन व्यवस्था करनी होती है जिसके प्रति बेहद लापरवाही बरती जाती है। जब भी इस तरह के हादसे महानगरों के बाहर होते हैं तो उन्हें उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता। शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय समेत संबंधित अधिकारियों को भी अहसास कराया जाना जरूरी है कि उन्होंने घोर लापरवाही बरती है। गैर-जिम्मेदारी सिर्फ मोटी रकम वसूलने वाले निजी विद्यालय ही करते, बल्कि सरकारी स्कूलों की स्थिति और भी खराब है। अभिभावकों के पास प्रायः न्यूनतम अधिकार होते हैं, उनकी शिकायतों की अनसुनी की जाती है। यदि वे सख्ती से किसी तरह की आलोचना करते हैं तो बच्चे के प्रति अनुचित बर्ताव होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं, या उन्हें स्कूल से निलंबित करने की धमकियां दी जाती हैं। हादसे के बाद नये-नये नियम लादने से भी कोई सुधार नहीं होने वाला। मारे गए बच्चों के अभिभावकों की क्षतिपूर्ति तो असंभव है, मगर देश भर के शेष छात्रों के जीवन को जोखिम में डालने वालों के साथ किसी भी तरह की मुलायमियत न बरती जाए।

मोदी की करिश्माई लोकप्रियता से हताश है विपक्ष

कृष्णमोहन झा

देश में लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार अभियान भी गति पकड़ने लगा है ।केंद्र में सत्तारूढ़ राजग की मुखिया भारतीय जनता पार्टी के प्रचार अभियान के सामने उसके विरोधी दलों का प्रचार अभियान अभी भी फीका दिखाई दे रहा है। दरअसल इन लोकसभा चुनावों में विरोधी दलों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड रहा है जिनसे पार पाने का कोई रास्ता उन्हें नहीं सूझ रहा है। विरोधी दलों के नेताओं का भाजपा के प्रति बढ़ता आकर्षण सबसे बड़ी चुनौती है। कई विरोधी दलों के बड़े बड़े नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं और यह सिलसिला निकट भविष्य में थमने की कोई संभावना भी नजर नहीं आती। मतलब साफ है कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में भाजपा ही उन्हें उनके सुरक्षित राजनीतिक भविष्य की गारंटी दे सकती है। ऐसा नहीं है कि विगत माहों में भाजपा के किसी नेता ने भाजपा विरोधी दल का दामन नहीं थामा है लेकिन भाजपा में शामिल होने वाले विरोधी नेताओं की संख्या भाजपा छोड़ कर जाने वाले नेताओं की तुलना में बहुत अधिक है। इतना ही नहीं, विरोधी दलों से भाजपा में आने वाले अनेक नेता पुराने दलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे थे। विरोधी दलों के ऐसे वरिष्ठ नेताओं का भाजपा में शामिल होना निःसंदेह उनके लिए चिंता का विषय है और इससे उनके चुनाव अभियान का प्रभावित होना भी स्वाभाविक है। 25 से अधिक भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन के पास एक भी ऐसा चेहरा नहीं है जिसके पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की करिश्माई लोकप्रियता को टक्कर देने का सामर्थ्य हो। मोदी अपने विशिष्ट अंदाज में जब अपना भाषण शुरू करते हैं तभी से मोदी मोदी के नारे गूंजना शुरू हो जाते हैं। इंडिया गठबंधन में यूं तो 25 से दल शामिल हैं परन्तु उसके किसी भी घटक के पास मोदी के समान प्रभावशाली वक्ता नहीं हैं। मोदी जितनी देर बोलते हैं उतनी देर मोदी मोदी के नारों से आकाश गूंजता रहता है। एक ओर उनकी आवाज़ में दमखम है तो दूसरी वे अपने बात को अकाट्य तर्कों के साथ सही साबित करने की कला में भी प्रवीण हैं। मोदी के आक्रमण के आगे विपक्ष असहाय नजर आता है। वास्तविकता तो यह है कि मोदी ने समूचे विपक्ष को बचाव की मुद्रा में ला दिया है और वह भी अंदर ही अंदर यह महसूस करने लगा है कि प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने से रोकना उसके बस की बात नहीं है। जनता को बताने के लिए मोदी के पास उनकी सरकार की दस साल की उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं , भविष्य के लिए योजनाएं हैं और साथ में हर योजना को निश्चित समय सीमा में अमलीजामा पहनाने की गारंटी भी है। सबसे बड़ी बात यह है कि देश की जनता को मोदी की हर गारंटी पर पूरा भरोसा है। दूसरी ओर कांग्रेस सहित अन्य विरोधी दलों की मुश्किल यह है कि वे सब्जबाग तो दिखा सकते हैं लेकिन उनके पूरे होने की गारंटी देना उनके लिए संभव नहीं है। इन लोकसभा चुनावों में भाजपा सुनियोजित रणनीति के साथ मैदान में उतरी है।भाजपा की चुनावी रैलियों और रोड शो में उमड़ने वाली अपार भीड़ इस बात की परिचायक हैं कि उसे अपनी चुनावी रणनीति में पर्याप्त सफलता मिल रही है और चुनावी रणनीति में मिल रही इस सफलता से कार्यकर्ताओं का मनोबल और उत्साह दुगना होना स्वाभाविक है। दूसरी ओर विरोधी दलों के प्रचार अभियान में अभी भी वह उमंग, उत्साह और जोश दिखाई नहीं दे रहा है जो भाजपा के लिए चिंता का कारण बन जाए। विरोधी दलों के साथ दिक्कत यह है कि वे महंगाई, बेरोजगारी , किसानों की समस्यायों, भ्रष्टाचार को लेकर मोदी सरकार पर हमेशा से हमलावर होने के बावजूद इन चुनावों में इनमें से कोई भी एक मुद्दे को चुनावी मुद्दा बनाने में असफल सिद्ध हो रहे हैं। 25 से अधिक विरोधी दलों ने मिलकर इंडिया गठबंधन तो बना लिया परंतु वे जनता को यह संदेश नहीं दे पाए कि मोदी सरकार के विरुद्ध वे पूरी तरह एकजुट हैं। ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के बाद इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का आयोजन कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने का प्रयास किया परन्तु वह मुद्दा आम जनता से जुड़ा नहीं था इसलिए विपक्ष उसके माध्यम से अपनी एकजुटता का संदेश देने में सफल नहीं हो सका। विपक्षी दलों की यह एक जुटता उनके चुनाव अभियान में नदारद है। इसमें कोई शक नहीं कि अगर हर लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन ही चुनाव लड रहा होता तो विपक्ष कुछ बेहतर परिणामों की उम्मीद कर सकता था हालांकि तब भी बहुमत की उम्मीद करना तो दिवा स्वप्न से अधिक कुछ भी नहीं होता। अभी तो इंडिया गठबंधन के घटक दलों को अपनी ताकत बढ़ाने की चिंता अधिक है। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष भी अंदर ही अंदर यह मान चुका है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई काट उसके पास नहीं है। इलेक्टोरल बांड को लेकर भी विपक्ष ने मोदी सरकार पर आक्रामक होने की भरसक की परंतु जल्द ही उसे इस कड़वी हकीकत का अहसास हो गया कि यदि इलेक्टोरल बांड के माध्यम से विरोधी दलों ने भी कंपनियों से चुनावी चंदा हासिल किया है तो उन्हें इस मुद्दे पर सरकार को घेरने का नैतिक अधिकार नहीं है। दरअसल विपक्ष इन लोकसभा चुनावों में एक भी ऐसा मुद्दा नहीं खोज पाया है जिसके माध्यम से वह मोदी सरकार और उसकी मुखिया भाजपा को कड़ी चुनौती पेश कर सके। देश में लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार अभियान भी गति पकड़ने लगा है ।केंद्र में सत्तारूढ़ राजग की मुखिया भारतीय जनता पार्टी के प्रचार अभियान के सामने उसके विरोधी दलों का प्रचार अभियान अभी भी फीका दिखाई दे रहा है। दरअसल इन लोकसभा चुनावों में विरोधी दलों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड रहा है जिनसे पार पाने का कोई रास्ता उन्हें नहीं सूझ रहा है। विरोधी दलों के नेताओं का भाजपा के प्रति बढ़ता आकर्षण सबसे बड़ी चुनौती है। कई विरोधी दलों के बड़े बड़े नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं और यह सिलसिला निकट भविष्य में थमने की कोई संभावना भी नजर नहीं आती। मतलब साफ है कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में भाजपा ही उन्हें उनके सुरक्षित राजनीतिक भविष्य की गारंटी दे सकती है। ऐसा नहीं है कि विगत माहों में भाजपा के किसी नेता ने भाजपा विरोधी दल का दामन नहीं थामा है लेकिन भाजपा में शामिल होने वाले विरोधी नेताओं की संख्या भाजपा छोड़ कर जाने वाले नेताओं की तुलना में बहुत अधिक है।

विचार

सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध खड़ा होने की जरुरत.....

अवधेश कुमार

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के घर जाकर उसे महान और मसीहा साबित करने की उस अभियान को आगे बढ़ाया जो उसकी मौत के समय से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने जेल में रहते हुए मुख्तार को पांच बार विधायक बनाया तो इसका मतलब है कि वह जनता के दुख दर्द में शामिल रहे और उसी का परिणाम है कि जनाजे में इतनी अधिक भीड़ उमड़ी। उन्होंने बांदा जेल में मुख्तार की मृत्यु पर सरकार को घेरा तथा उसकी तुलना रूस में बिना नाम लिए विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में हुई मृत्यु से कर दी। मुख्तार अंसारी पिछले लंबे समय से जब भी वीडियो में आया काफी कमजोर दिखता था। व्हीलचेयर पर ही उसके बाहर निकलने या अंदर जाने की तस्वीरें आई थीं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अनेक बीमारियां लिखी हुई है। इतनी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति की कभी भी किसी कारण से मृत्यु हो सकती है। वैसे भी बाहुबल और धनबल की बदौलत बादशाहत कायम करने की मानसिकता में जीने वाले व्यक्ति को जेल में आम अपराधी की तरह व्यवहार से मानसिक आघात लगना बिल्कुल स्वाभाविक है। प्रचार यही हो रहा है कि उसे मारा गया है। कुछ दिनों से उसके परिवार और वकील धीमा जहर देने का आरोप एक रणनीति के तहत लग रहे थे, जिसका उद्देश्य जमानत दिलाना या मन मुताबिक किसी जेल में शिफ्ट कराना था। मृत्यु से कुछ दिनों पहले बेटे से बातचीत के ऑडियो से उसके काफी अस्वस्थ व कमजोर होने के साथ गहरी निराशा में डूबे होने का पता भी चलता है। उसकी मृत्यु पर सपा, बसपा या कुछ अन्य पार्टियों, मजहबी नेताओं आदि ने जिस ढंग का माहौल बनाया है उसने आम व्यक्ति को उद्वेलित किया है। ऐसा कोई कारण नहीं दिखता जिससे प्रशासन या जेल या सरकार उसे तत्काल गैरकानूनी तरीके से मारने का कदम उठाए। इस समय उसकी मृत्यु से किसी को कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला था। योगी आदित्यनाथ सरकार की दृष्टि से यह स्थिति ज्यादा अनुकूल थी। मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। जितनी संख्या में उसके नमाज ए जनाजा में लोग शामिल हुए वह सामान्य अवस्था का द्योतक नहीं है। किसी उदारवादी, समाज हितैषी, हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए काम करने वाले मुसलमान की मृत्यु पर न ऐसी प्रतिक्रियाएं आतीं हैं न इतने लोग इकट्ठे होते हैं और न उनमें भावविह्वलता और आक्रामकता देखी जाती है। इसके विपरीत चाहे मुख्तार अंसारी हो, बिहार का बाहुबली सैयद शहाबुद्दीन, अतीक अहमद या मुंबई बम विस्फोटों का आतंकवादी टाइगर मेनन उनके जनाजे में इतने बड़े जन समूह का उभरना मुस्लिम समाज के अंदर बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति है, जिससे डरने और जिसको हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता है। मुख्तार अंसारी न्यायालय द्वारा सिद्ध माफिया, हत्यारा, अपहरणकर्ता, सांप्रदायिक दंगा करने वाला बाहुबली था। 65 से ज्यादा मुकदमे उसके नाम पर थे जिनमें आठ में उसे सजा दी जा चुकी थी। इनमें दो में उम्र कैद की सजा थी। न्यायालय द्वारा घोषित सजा प्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना देश के लिए कुछ नहीं हो सकता? वे सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ न्यायपालिका पर भी प्रश्न उठा रहे हैं।2013 में मुंबई बम विस्फोटों के अपराधी टाइगर मेनन के जनाजे में मुंबई में उमड़ी भीड़ ने पहली बार देश को हैरत में डाला था। उस समय से यह एक स्थापित प्रवृत्ति है। अतीक अहमद की हत्या पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न था लेकिन उसकी मृत्यु पर विशेष नमाज जगह-जगह अदा कर जन्नत की दुआ करना किस बात का द्योतक था? डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की मृत्यु पर इस तरह का दृश्य नहीं था। वस्तुतः उनके जनाजे में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक थी। कांग्रेस के शासनकाल से उत्पन्न राजनीति के अपराधीकरण के भयावह दौर में ऐसे अपराधी और बाहुबली, जिन्हें जेल में होना चाहिए वो माननीय विधायक और सांसद बनकर नीति-नियंता बन गए। अतीक, अंसारी या शहाबुद्दीन जैसों की एकमात्र योग्यता यही थी कि वो अपने अपराध के बल पर साम्राज्य कायम कर चुके थे तथा एक क्षेत्र विशेष में चुनाव जीतने-जिताने में सक्षम थे। इसी कारण सपा-बसपा दोनों ने उन्हें महत्व दिया और कांग्रेस पार्टी का भी उन्हें समर्थन ही रहा। जरा सोचिए, मुख्तार अंसारी ने उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की सरेआम हत्या करवाई और आज कांग्रेस उसे अपराधी तक कहने के लिए तैयार नहीं है।

बड़ा भंगाल:चुनौतियां अपार,आकर्षण बरकरार

हिमाचल सरकार गर्मियों के सीजन में यदि चार महीनों के लिए ही सही, ऑनलाइन बुकिंग द्वारा हेलीकाप्टर सेवा और बड़ा भंगाल में पर्यटकों के रहने-खाने की व्यवस्था एक पैकेज के तहत व्यवस्थित तरीके से करे, तो निश्चित तौर पर बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आना और ठहरना चाहेंगे, जिससे न केवल बड़ा भंगाल क्षेत्र में पर्यटक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, अपितु राज्य की आर्थिकी को भी मजबूती मिलेगी। क्षेत्र की समस्याओं का समाधान जल्द हो पहाड़ों की ऊंचाइयों को फतह कर चोटी पर पहुंचने की चाहत हमेशा से मनुष्य को कुछ अद्भुत कर गुजरने के लिए प्रोत्साहित करती रही है। इसलिए संसाधनों के अभाव के बावजूद विश्व के दुर्गम इलाकों तक भी मनुष्य ने अपने जोश और जुनून के चलते पहुंच बनाई है। चाहे वह एवरेस्ट पर्वत हो अथवा उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों की खोज, कुछ हटकर करने की चाहत के चलते ही हजारों लोगों ने अपने नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करवाने में सफलताएं हासिल की हैं। आज भी भारत और हिमाचल सहित अनेक राज्यों में ऐसे दर्शनीय स्थल हैं जहां पहुंचना अभी भी असंभव समझा जाता है। हिमाचल प्रदेश में एक ऐसा ही रमणीय अनछुआ और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर बैजनाथ उपमंडल का बड़ा भंगाल क्षेत्र है जहां सडक़ सुविधा न होने के कारण पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं माना जाता है। हिमालय की धौलाधार श्रृंखला में समुद्र तल से 2550 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बड़ा भंगाल एक सुंदर घाटी है। यह घाटी विशाल पहाड़ों से घिरी हुई है और बर्फ से ढकी चोटियों, हरे-भरे घास के मैदानों और चमचमाती नदियों के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करती है। 169 घरों और 620 के लगभग आबादी वाले बड़ा भंगाल गांव में लोग लगभग 7 महीने ही रहते हैं और जब बर्फ पड़ती है तो अधिकांश लोग बीड़ बिल्लिंग में आ जाते हैं जहां उनके घर हैं अथवा वे किराए के घरों में रहते हैं। इसी प्रकार वहां का स्कूल और पढने वाले बच्चे भी बीड़ स्थित स्कूल में स्थानांतरित हो जाते हैं। यहां पहुंचने के लिए बेहद दुर्गम, ढांकयुक्त खतरनाक दर्रों और पहाड़ों से होकर पहुंचना होता है। ढांकें इतनी खतरनाक कि एक बार पैर फिसला तो फिर बचाने वाला कोई नहीं। रोजगार के नाम पर जंगल से लकडियां चुनना, पशुपालन और भेड़-बकरियां पालना यहां के लोगों की मुख्य गतिविधियां हैं। दुर्गम इलाके में होने की वजह से और सडक़ मार्ग न होने के कारण इस गांव का भारत के शेष क्षेत्रों से संपर्क कटा रहता है। लोगों की आवाजाही बहुत कम है, सर्दियों में केवल बुजुर्ग लोग ही वहां घरों और पशुधन की देखभाल के लिए रह जाते हैं, जिनके समक्ष भयानक सर्दी जनित समस्याएं बरकरार रहती हैं। बड़ा भंगाल में एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, पशु औषधालय, स्कूल, पीडब्ल्यूडी, आईपीएच और इलेक्ट्रिसिटी विभाग के कार्यालय तो हैं, लेकिन वहां कर्मचारियों की कमी खलती है। साईं फाउंडेशन ने वर्ष 2003-04 में 40 किलोवाट का एक हाइडल इलेक्ट्रिसिटी प्रोजेक्ट बड़ा भंगाल में लगाया था, लेकिन बाद में रखरखाव के अभाव के कारण वह बंद पड़ा है। बड़ा भंगाल के लोगों की 9 मांगें हैं जिनमें मुख्यत: सडक़ निर्माण, बिजली घर को ठीक करना, सामाजिक पेंशनधारकों को पेंशन राशि का समयबद्ध वितरण, जिनके बैंक अकाउंट बीड़ में हैं, लेकिन वह पिछले 4 सालों से अस्वस्थ होने की वजह से नहीं जा पा रहे हैं, को हेली सुविधा उपलब्ध करवाना शामिल हैं। बर्फ के दिनों में क्योंकि दो-ढाई सौ लोग ही गांव में रहते हैं, बीमार लोगों को मौके पर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे, इसके लिए हेली सर्विस की मांग भी प्रमुख है। बड़ा भंगाल गांव में जो हेलिपैड है, उसे मरम्मत की दरकार है ताकि हेलिकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग हो सके। जब बात पहाड़ों पर चढने की और वादियों को निहारने की और ट्रैकिंग की आती है, तो शायद हिमाचल से बढिया एडवेंचर डेस्टिनेशन कोई दूसरा नहीं हो सकता है। उसमें भी बड़ा भंगाल एक ऐसा क्षेत्र है जिसे अनछुआ और चुनौतीपूर्ण समझते हुए साहसिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले लोग ही वहां पहुंचना पसंद करते हैं। प्रतिवर्ष 200-300 ट्रैकर्स कुल्लू की काली हाणिएए होली (चंबा) के रास्ते से और मुल्थान वाया थामसर जोत, बड़ा भंगाल पहुंचते हैं। एडवेंचर और ट्रैकिंग में रुचि रखने वाले लोग यहां आते रहते हैं जिनमें विदेशियों की काफी संख्या रहती है। अधिकांश टूरिस्ट और ट्रैकर्स अपने गाइड के साथ ही आते हैं। बड़ा भंगाल गांव की साक्षरता दर कम है। मनोरंजन के कोई साधन नहीं हैं। यहां के अधिसंख्य लोग ठाकुर राजपूत जातियों के हैं जिन्हें सरकार ने ओबीसी कैटेगरी में रखा है, लेकिन इनकी मांग है कि इन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाए। बड़ा भंगाल का इलाका वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी के अंतर्गत आता है। इसलिए रास्तों एवं अन्य निर्माण कार्यों हेतु वन विभाग की स्वीकृति की आवश्यकता रहती है। इस प्रक्रिया को सरकार को आसान बनाना चाहिए। जिलाधीश कांगड़ा ने होली-चंबा के रास्ते जाने वाली पैदल पथ की मरम्मत के लिए 5 लाख और सोलर लाइट्स के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। यह प्रसन्नता का विषय है कि इन्वर्टर और अन्य सामग्री घोड़े-खच्चरों द्वारा बड़ा भंगाल पहुंचाई जा चुकी है, जबकि हेलीकॉप्टर के माध्यम से सोलर पैनल भी पहुंचाए जा चुके हैं। हिम ऊर्जा विभाग (हिमाचल प्रदेश) द्वारा 61 लाख रुपए की लागत से 169 सोलर लाइट्स किट्स लगाई जा चुकी हैं। खुशी की बात है कि पिछली सर्दियों से पहले पहले बड़ा भंगाल के सभी 169 घरों में सोलर लाइट्स से घर रोशन हो चुके थे। सेक्रेटरी पीडब्ल्यूडी ने सडक़ निकालने और बंद पड़े सडक़ मार्ग के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के आदेश दिए हैं। हिमाचल सरकार गर्मियों के सीजन में यदि चार महीनों के लिए ही सही ऑनलाइन बुकिंग द्वारा हेलीकाप्टर सेवा और बड़ा भंगाल में पर्यटकों के रहने-खाने की व्यवस्था एक पैकेज के तहत व्यवस्थित तरीके से करे तो निश्चित तौर पर बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आना और ठहरना चाहेंगे, जिससे न केवल बड़ा भंगाल क्षेत्र में पर्यटक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, अपितु राज्य की आर्थिकी को भी मजबूती मिलेगी। इस क्षेत्र की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होना चाहिए।

आवारा-जंगली जानवर मचा रहे तबाही

रमेश धवाला

अगर हम गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि इस समस्या के लिए मानव का स्वार्थ जिम्मेदार है। जब तक गाय दूध देती है, या बैल हल जोतता है, हम उनको अपने घर में रखते हैं, बूढ़े होने पर आवारा छोड़ देते हैं हिमाचल प्रदेश की हलचल भरी सडक़ों, शहर के शोरगुल और ग्रामीण क्षेत्रों के शांत वातावरण में एक बात कॉमन है- आवारा जानवर और जंगली जानवरों का डर। ये आवारा भटकते जीव, जिन्हें अक्सर लोगों द्वारा खुली सडक़ों या जंगलों में अपनी स्वार्थ सिद्धि होते ही घर से दूर खदेड़ दिया जाता है, मानव के लिए कई खतरे पैदा करते हैं, जिसमें सबसे प्रमुख खतरा कृषि क्षेत्र में देखने को मिलता है। इसी तरह विकास कार्यों के कारण निरतंर जंगलों की कटाई के कारण जंगली जानवरों के निवास स्थानों पर सेंध लगाई जा रही है जिस कारण जंगलों से बाहर भोजन की तलाश और निवास स्थानों की तलाश में जंगली जानवर शहरों या गांव-घरों तक पहुंच रहे हैं। इस कारण ग्रामीण लोगों और शहरी लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें एक मुख्य समस्या है कृषि, फसलों में इनकी दखल। पिछले हफ्ते मैं ज्वालामुखी विधानसभा के एक छोटे से गांव मजीन में गया हुआ था। वहां रास्ते में कुछ लोग मिले जो कुछ आवारा पशुओं को सडक़ पर खदेड़ रहे थे। मैंने ये सब देख कर अपनी गाड़ी रोक कर ग्रामीणों से बात की तो पता चला कि कोई रात के अंधेरे में इन पशुओं को गाड़ी में छोड़ कर चला गया है। ग्रामीण परेशान थे क्योंकि अभी गेहूं पकने का समय है और इन आवारा जानवरों ने उनके खेतों में आतंक मचाया हुआ है। कृषि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है, जो कि आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार प्रदान करती है और जीविका के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में कार्य करती है। हिमाचल में आज भी कृषि के लिए गाय-बैल सहित अन्य कई जानवर भिन्न-भिन्न रूपों से सहायक है, किन्तु आज गाय, बैल, जंगली सूअर, हिरन और बंदरों सहित कई आवारा जानवर किसानों की आजीविका और कृषि भूमि की उत्पादकता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ज्वालामुखी और देहरा विधानसभा क्षेत्रों के यही हाल हैं। हिमाचल प्रदेश की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है और अधिकांश लोग किसान और बागवान हैं। आप चाहे ऊना के समतल में जाओ या शिमला और किन्नौर के पहाड़ों में, किसान आवारा और जंगली जानवरों से फसलों को हुए नुक्सान के कारण खेतीबाड़ी छोडने को विवश हैं। हालांकि यह समस्या केवल हिमाचल की ही नहीं, अपितु पूरे भारतवर्ष की समस्या है। देश के अन्य राज्यों में चाहे किसान इस समस्या के प्रति इतने मुखर न हों, लेकिन हिमाचल में किसान फलों और फसलों को हो रहे नुक्सान पर कई बार आन्दोलन एवं विधानसभा का घेराव कर चुके हैं। एक अनुमान के अनुसार ये जानवर हर साल करीब 500 करोड़ की फसलों का नुक्सान हिमाचल प्रदेश में करते हैं। हिमाचल के कई स्थानों पर किसानों ने फसल बीजना ही बंद कर दी है। मेरे ज्वालामुखी विधानसभा के कई क्षेत्र जैसे भडोली, कुटियारा आदि उपजाऊ क्षेत्रों में लोगों ने जंगली और आवारा जानवरों के कारण खेतीबाड़ी करना छोड़ दिया है, जो कि प्रदेश हित में एक सोचनीय विषय है। केन्द्र सरकार ने सन् 1972 में बंदरों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाया था, जो कि अब प्रदेश की हालत देखते हुए हटना चाहिए। राज्य सरकार के आग्रह पर हिमाचल की कई पंचायतों में बंदरों को वर्मिन (हिंसक जानवर) घोषित किया है एवं फल व फसलों को नुक्सान देने वाले बंदरों को मारने की अनुमति केंद्र से मिली हुई है। लेकिन इस सबके बावजूद राज्य सरकार ने बंदरों को मारने से हाथ खींच लिए हैं। सरकार चाहती है कि किसान खुद बंदरों को मारें, लेकिन हाथों में हल पकडने वाले किसान बंदूक कैसे पकड़ें? एक सर्वे के अनुसार प्रदेश में पौने चार लाख के करीब बंदर हैं, जो कि पिछले दो दशकों से फसलों को नुक्सान पहुंचा रहे हैं। हिमाचल के किसान यह मांग करते आए हैं कि बंदरों के निर्यात पर जो प्रतिबंध लगा है, उसको हटाया जाए। पहले भारत विदेशों में प्रतिवर्ष करीब 60 हजार बंदरों को निर्यात करता था, जिस पर पशु प्रेमी संगठनों के विरोध के कारण प्रतिबन्ध लगाया गया है। हिमाचल सरकार ने पांच साल पहले यह प्रयास भी किया कि बंदरों को नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर आदि राज्यों में भेजा जाए, किन्तु सरकार का यह प्रयास भी किन्हीं कारणों से सफल नहीं हो सका। बंदरों, सूअरों और हिरणों के साथ-साथ आवारा पशुओं की समस्या भी काफी चिंतनीय है। यह पशु फसलों को तो नुक्सान पहुंचाते ही हैं, साथ ही साथ कई बार रोड एक्सीडेंट्स का कारण भी बनते हैं। हिमाचल उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद हजारों गायें और बैल राज्य भर में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर घूमते रहते हैं, जो मोटर चालकों के लिए मुख्य रूप से एक्सीडेंट का कारण बनते हैं। एक सर्वे के अनुसार हिमाचल में प्रतिदिन एक एक्सीडेंट आवारा पशुओं के कारण होता है। मेरे खुद के विधानसभा क्षेत्र ज्वालामुखी में जहां हजारों लोग माथा टेकने मंदिर आते हैं, उनको पशुओं के जमावड़े के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार ये पशु बीच सडक़ पर खड़े होकर ट्रैफिक जाम, तो कभी एक्सीडेंट्स का कारण बनते हैं। अपने कार्यकाल में मैंने इस समस्या से निपटने के लिए विधानसभा में कई गौशालाओं का निर्माण करवाया, जिससे आवारा पशुओं की संख्या में कुछ कमी हुई। अगर हम गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि इस समस्या के लिए मानव का स्वार्थ जिम्मेदार है। जब तक गाय दूध देती है, या बैल हल जोतता है, हम उनको अपने घर में रखते हैं, जैसे ही मनुष्य की स्वार्थ सिद्धि पूर्ण हो जाती है तो इन्हें आवारा छोड़ दिया जाता है। इसी तरह जंगलों की निरंतर कटाई के कारण, जंगलों को उखाड़ कई विकास कार्यों को धरातल पर लाने के कारण मनुष्य द्वारा जंगली जानवरों, जैसे कि बंदरों, हिरणों या जंगली सूअरों के निवास स्थानों को खत्म किया जा रहा है तथा साथ ही साथ इनके भोजन के मुख्य स्त्रोत जल-जंगल से इन्हें दूर किया जा रहा है, तो स्वाभाविक है कि ये जानवर भोजन की तलाश और सुरक्षित निवास स्थान की तलाश में शहरों या गांवों की ओर रुख करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

धर्म जिसके साथ होता है, उसके सभी मित्र होते हैं: आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज

विदिशा (विश्व परिवार)। धर्म जिसके साथ होता है, उसके सभी मित्र होते हैं वह कहीं भी चला जाऐ सभी उसके अपने बन जाया करते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जब तक आयोध्या में रहे वह सभी के प्रिय बनकर रहे और जब उन्होंने आयोध्या छोड़कर का जंगल की ओर गये तो वहां पर भी उनके सभी मित्र बन गये। उपरोक्त उद्गार नगर में विराजमान आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज ने श्री राम नवमी के अवसर पर प्रात:कालीन प्रवचनसभा में व्यक्त किये।उन्होंने राम कथा को विस्तार से सुनाते हुये कहा कि बचन के कारण राजा दशरथ ने श्री राम को वनवास दिया वह भी इस दु:ख को झेल नहीं पाऐ तथा सब कुछ त्याग कर दीक्षा धारण कर ली वंही पुत्र मोह से होकर कैकयी माता को भी पश्चाताप हुआ और वह अपने बेटे भरत तथा नगर बासिओं के साथ उस स्थान पर जंहा श्री राम विराजमान थे। बहूत मनाया सभी ने लेकिन श्री राम चुपचाप बन को निकल गये। उन्होंने कहा कि मोह हमेशा हमेशा दु:ख देता आया है। कथा तो सभी को मालुम ही है कैसै परबस्तु के मोह में आकर भगवान का परम भक्त होकर भी रावण माता सीता का हरण कर लेता है जो कि उसके समूचे विनाश का कारण बनता है। जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया इस अवसर पर डा. संजय जैन रायपुर छत्तीसगढ़ से डा. अर्पण जैन, तामिलनाडु से मुनिभक्त पधारे एवं उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के चित्र के समक्ष गुरूदेव के कर कमलों में शास्त्र भेंट किये तथा पाद प्रच्छालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। -**अविनाश जैन**

महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया प्याऊ सेवा का उद्घाटन

दुर्ग (आरएनएस)। नगर की आध्यात्मिक एवम् सेवा कार्यों में अग्रणी श्री सत्य साई सेवा समिति के सेवा एवम रचनात्मक कार्य के अंतर्गत और सत्य साई बाबा के दिव्य सिद्धांत मानव सेवा माधव सेवा को प्रतिपादित करते हुए प्याऊ सेवा नगर के पुराने बस स्टैंड में नगर के प्रथम नागरिक मेयर धीरज बाकलीवाल द्वारा उद्घाटित हुआ। अध्यक्षता श्री सत्य साई सेवा संगठन छत्तीसगढ़ के वाइस प्रेसिडेंट डॉ टी रामाराव द्वारा किया गया। विशेष अथिति के रूप में जिला संयोजक संदीप नायडू, नगर निगम के एमआईसी मेंबर दीपक साहू, भोला महोबिया थे। साथ ही समिति के शंकर लाल चंद्राकर, आरके तिवारी, हरिश्चंद ठाकुर, दिलीप ठाकुर, निवास राव, गौरव ठाकुर, रंगदमन राजेंद्र मरकाम, इंद्राणी मिश्रा, मंजू तिवारी, गायत्री ठाकुर, मीरा राजपूत, सुहासिनी राव, पदम् निषाद केआर मुदलियार, प्रशांत डोंगावकर, राजकुमार वर्मा, अजय सोनी आदि उपस्थित थे। विदित हो की श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा प्याऊ सेवा पुराना बस स्टैंड में विगत 17 वर्षों से संचालित है एवम उसके पूर्व रेलवे स्टेशन में अस्थाई रूप से सेवा की जाती रही है।

मतदाताओं को जागरूक करने नगर निगम कैनोइंग क्लब के साथ दिया बोट पर वोट का संदेश

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में ज़िला प्रशासन द्वारा आम मतदाताओं को 7 मई को मतदान का संदेश देने संचालित अभियान के तहत नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन-4 की टीम ने कैनोइंग क्लब के साथ बूढ़ातालाब विवेकानंद सरोवर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। तैराकों ने अपने साथ बोट में मतदान संदेश के प्ले काड्र्स के साथ अपने करतब भी दिखाए। इस दौरान जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा, सहायक अभियंता पद्माकर श्रीवास ने मॉर्निंग वॉक पर निकले नागरिकों को मतदान शपथ दिलाई। अद्भुत प्रदर्शन को देखने इस दौरान कई नागरिक उपस्थित थे।

अंबेडकर की फोटो डस्टबिन में फेंके जाने से गुस्साए अनुयायियों ने रेल्वे स्टेशन में किया प्रदर्शन

दुर्ग (आरएनएस)। भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो डस्टबिन में मिलने से नाराज अंबेडकर अनुयायियों ने बुधवार को रेल्वे स्टेशन के जीआरपी कार्यालय के समक्ष जमकर हंगामा मचाया। अंबेडकर अनुयायियों का आरोप था कि यह फोटो रेल्वे स्टेशन की मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा डस्टबिन में फेंकी गई है।

मुख्य टिकट निरीक्षक पर घटना को अंजाम देने का अनुयायियों ने लगाया आरोप

जिसके खिलाफ एफआईआर व गिरफ्तारी की मांग को लेकर अंबेडकर अनुयायी बड़ी संख्या में रेल्वे स्टेशन में जुटे थे। इस दौरान अंबेडकर अनुयायियों ने धरना देकर जोरदार नारेबाजी की। जिससे रेल्वे स्टेशन में गहमागहमी का माहौल रहा। अंबेडकर अनुयायियों के प्रदर्शन के चलते रेल्वे स्टेशन के प्रबंधक, जीआरपी प्रभारी व रेल्वे स्टेशन के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। उन्होने प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। जिससे दोपहर तक अंबेडकर अनुयायियों का प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारी अंबेडकर अनुयायियों ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की फेटो को डस्टबिन में फेंके जाने की घटना 14 अप्रैल की रात की है। उन्होने आरोप लगाया कि यह फेटो मुख्य टिकट निरीक्षक के कार्यालय में लगी हुई थी। जिसे मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा डस्टबिन में फेंका गया है। बताया गया है कि फोटो को डस्टबिन में फेंकने की घटना की जानकारी रेल्वे स्टेशन के कुछ कर्मचारियों ने ही अंबेडकर अनुयायियों के संगठन को दी थी। जिसकी अंबेडकर अनुयायियों द्वारा पहले मोहन नगर पुलिस थाना में शिकायत की गई, लेकिन घटनास्थल का थाना क्षेत्र जीआरपी आने से बुधवार की सुबह अंबेडकर अनुयायी संगठन के अभिषेक बोरकर, डॉ. अरविंद चौधरी के साथ रेल्वे स्टेशन पहुंचे और घटना को लेकर जोरदार विरोध दर्ज करवाया गया।

विश्व प्रसिद्ध महावीर जी का आठ दिवसीय लक्खी मेला आज से

19 अप्रैल को पूजन, भजन, सामूहिक आरती एवं शास्त्र प्रवचन, 21 अप्रैल को मनाई जाएगी महावीर जयंती

जयपुर (विश्व परिवार)। पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयन्ती) पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला गुरुवार 18 अप्रैल से शुरू होगा।

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मंत्री सुभाष चन्द जैन ने बताया कि गुरुवार 18 अप्रैल को मेले की स्थापना होगी, शुक्रवार 19 अप्रैल को पूजन, भजन, सामूहिक आरती व शास्त्र प्रवचन होंगे। रविवार, 21 अप्रैल को महावीर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें प्रात: कटला प्रांगण से प्रभातफेरी निकलेगी। कटला प्रांगण में झण्डारोहण के बाद जल यात्रा निकाली जायेगी। तत्पश्चात स्कूल में मोदक वितरण, अस्पताल में मरीजों को तथा हिण्डौन जेल में केदियों को फल वितरण किये जायेंगे। दोपहर में श्री वीर संगीत मण्डल जयपुर के सहयोग से सामूहिक पूजन होगा। अपरान्ह कलशाभिषेक के बाद प्रदर्शनी का उदघाटन किया जावेगा। दिव्यांगो को ट्राई साईकिल, कृत्रिम पैर, बैसाखी, कैलीपर्स तथा असमर्थ व विधवा महिलाओं को हाथ की सिलाई मशीनें वितरित की जावेगी।

सायकांल सामूहिक आरती के बाद शास्त्र प्रवचन होगें। रात्रि में दिगम्बर जैन आदर्श महिला महाविद्यालय श्री महावीर जी की छात्राओं द्वारा कटला पूर्वी पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जावेगा, सायंकाल सामूहिक आरती के बाद महिला जागृति संघ जयपुर द्वारा कटला पूर्वी पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

सांस्कृतिक मंच पर रात्रि 8.30 बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का विशाल आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के प्रख्यात कवि अपनी कविताओं के माध्यम से भगवान महावीर के गुणगान करेंगे। बुधवार 24 अप्रैल को प्रात: 7.30 बजे चौबीसी परिसर में खडगासन चौबीसी के अभिषेक होगें। दोपहर में 2 बजे मंदिर प्रांगण से विशाल रथयात्रा निकलेगी जो नदी तट पर जावेगी जहां श्री जी के कलशाभिषेक होगें।विश्व प्रसिद्ध इस रथयात्रा में साम्प्रदायिक सौहार्द दर्शाते हुए जैन, मीणा गुर्जर सहित सभी जातियों के श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। गुरुवार 25 अप्रैल को नदी तट पर ग्रामीण खेलकूद एवं कुश्ती-दंगल के बाद मेले का समापन होगा। अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मंत्री सुभाष चन्द जैन ने बताया कि वार्षिक मेले की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। मेले में जैन अजैन सभी लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल होगें।

जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने उक्त भगवान महावीर स्वामी 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर उक्त महोत्सव में श्री महावीर जी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। -**उदयभान जैन**

रश्मि पैकरा को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर कंवर समाज ने दी बधाई

रायपुर (आरएनएस)। कंवर आदिवासी समाज की गौरव एवं कंवर समाज की बेटी सुश्री रश्मि पैंकरा के वर्ष 2023 संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के परीक्षा में सफ लता अर्जित कर 881वीं रैंक लाने पर कंवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरवंश मिरी द्वारा रश्मि पैंकरा को दूरभाष पर सफलता के लिए उन्हें और परिवार को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए सतत आगे भी तैयारी करते रहने और समाज के अन्य बच्चों को प्रेरित करने के लिए कहा।

मिरी द्वारा बताया गया कि कंवर समाज छत्तीसगढ़ की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति समाज है और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्य के. लोकसेवा आयोग एवं अन्य परीक्षा में बड़ी संख्या में समाज के. बच्चे चयनित होते है लेकिन संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा में समाज के तरफसे रश्मि पैंकरा दूसरी है इससे पहले हेमंत पैकरा जी वर्ष 2000 में चयनित होकर डिफेन्स में जॉब कर रहें हैँ, रश्मि पैंकरा की 881वीं रैंक आई है तो उन्हें आई आरएस की सेवा जरूर मिलनी चाहिए।

आचार्य श्री अनेकांत सागर जी महाराज ने कहा- धन वैभव प्रतिष्ठा का अभिमान नहीं करना चाहिए

आचार्य श्री अनेकांत सागर जी महाराज का झालरापाटन में हुआ मंगल प्रवेश

झालरापाटन (विश्व परिवार)। दिनांक 17 अप्रैल 2024 श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में परम पूज्य 108 शांति सागर जी महाराज के शिष्य आचार्य 108 श्री अनेकांत सागर जी मुनिराज का मंगल प्रवेश हुआ।

समाज के प्रवक्ता यशोवर्धन बाकलीवाल ने बताया कि प्रात: 8:00 बजे समाज बंधुओ की उपस्थिति में थाना चौराहे से बैंड बाजा के साथ गिंदौर गेट, नगर पालिका चौराहा, पिपली बाजार, चोपडिया बाजार, सेठों का चौराहा होते हुए शांति नाथ मंदिर पहुंचे जहां आयोजित धर्म सभा में आचार्य श्री ने कहा कि हर जीव को हर हाल में प्रसन्न रहना चाहिए जो समाज इतना बड़े विशाल मंदिर और तीर्थ क्षेत्र के नजदीक रहता है बहुत ही भाग्यशाली होता है।

दुनिया में हर चीज चलायमान है धन, वैभव प्रतिष्ठा पर अभिमान नहीं करना चाहिए यह चलायमान है। शोभा यात्रा में समाज की सैकड़ो महिलाएं, पुरुष, गुरुदेव की जय कार लगाते हुए चल रहे थे। विभिन्न संस्थाओं, व्यापारियों एवं संगठनों द्वारा एवं समाज जनों द्वारा आचार्य श्री का पदप्रशालन कर आरती कर मंगल आगवानी करते हुए आशीर्वाद प्राप्तकिया। -**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया पोस्टर विमोचन

राजस्थान जैन युवा महासभा का आदिनाथ से महावीर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़ा

जयपुर (विश्व परिवार)। दिगम्बर जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक से जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक तक चल रहे आदिनाथ से महावीर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़े के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया। एम आई रोड पर राजस्थान चैम्बर्स आफ कामर्स भवन में किये गये पोस्टर विमोचन के मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष ज्ञान चन्द झांझरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन सभा जयपुर के पूर्व अध्यक्ष कमल बाबू जैन, मीना चौधरी, निशा जैन, धुर्व दास अग्रवाल चारु गुप्ता सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में रविवार 21 अप्रैल को आयोजित महावीर जयन्ती समारोह के लिए आमंत्रित भी किया। प्रदीप जैन एवं विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जैन युवा महासभा के विभिन्न सम्भागो एवं जोनों द्वारा कई सेवा कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इन सभी आयोजनों में बडी संख्या में युवा महासभा के सदस्य एवं समाज के बन्धु शामिल हुए। श्री जैन के मुताबिक धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़ा का समापन रविवार 21 अप्रैल को होगा।इस दिन युवा महासभा की प्रदेश कमेटी, सभी सम्भागो एवं जोनो, अधीनस्थ युवा एवं महिला संगठनों की पूरी टीम राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में आयोजित महावीर जयन्ती शोभायात्रा एवं धर्म सभा में सहभागिता निभाएगी।

बूंदी जिले में हजारों साल पुराने जैन स्तंभों की खोज जैन समाज को करती है गौरवान्वित

बूंदी (विश्व परिवार)। यूं तो जैन विरासत देश के चप्पे-चप्पे पर है और समय समय पर ज़मीन की खुदाई में जैन तीर्थंकरों की मूर्तियां निकलकर जैन संस्कृति के प्राचीन होने की गवाही देते रहते हैं। हाल ही में फिर एक बार ऐसी ही खोज हुई है जो जैन समाज को गौरवान्वित करने वाली है।

राजस्थान के बूंदी जिले से 65 किमी दूर नैनवां गांव के तालाब के पास एक छोटी पहाड़ी पर अलग-अलग संवत् के आठ निषिद्ध स्तंभ एक ही लाइन में बने हुए मिले हैं। ये स्तंभ संवत् 1000 से 1500 के समय के हैं। शायद बहुत सी पीढ़ियों के परिवार जनों ने जैन मुनियों की समाधि की स्मृति में अलग अलग काल में इन्हें बनवाया है। इन सभी स्तंभों पर जैन तीर्थंकरों की मूर्तियां बनी हुई हैं और इन सबमें सबसे बड़ा स्तंभ आठ फीट तक का है।

यह दुर्लभ खोज की है राजस्थान के प्रसिद्ध आर्कियोलॉजिस्ट कुक्की ओमप्रकाश ने जो पहले भी नयी नयी खोजें कर और हजारों पुरातात्विक अवशेष ढूंढकर दिल्ली, राजस्थान और बूंदी के म्यूज़ियम को अनमोल सौगातें दे चुके हैं और पुरातात्विक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं। विश्व की सबसे लंबी रॉक पेंटिंग ढूंढने का श्रेय भी इन्हीं को जाता है। लेकिन इस खोज के बाद अब जरूरी है कि बूंदी और नैनवां का स्थानीय समाज अपनी इस धरोहर को बचाने के लिए आगे आए।

इससे पहले भी झालरापाटन में एक पहाड़ी पर 2014 में इसी तरह के स्तंभ पता चले थे जिन्हें वहां के स्थानीय जैन समाज ने पहाड़ी के उस क्षेत्र को अपने अधिकार में ले लिया था। विदित हो कि राजस्थान के हाड़ौती, वागड़, ढूंढाण क्षेत्रों में 1000 वर्ष प्राचीन इस तरह के स्तंभ विशेष रूप से मिलते हैं। स्वाती जैन हैदराबाद से प्राप्त जानकारी।

-**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राम भजन गीत के पोस्टर का किया विमोचन

रायपुर (आरएनएस)। मंगलवार को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राम भजन गीत के पोस्टर का विमोचन किया। इस गीत का शीर्षक है राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है गीत की रचना लुकेश ठाकुर ने की है। मूलत: धमतरी के रहने वाले लुकेश ठाकुर ने इस राम भजन को लिखा भी है और इसमें अपनी आवाज भी दी है। एक दिन पूर्व रिलीज हुए इस गीत को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। आज अपने निवास में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस गीत के पोस्टर का विमोचन किया और यूट्यूब पर गीत को प्ले करके देखा भी, गीत देखने के बाद उप मुख्यमंत्री ने गीत की तारीफ की और गायक लुकेश ठाकुर को बधाई दी।

बता दें की गीत राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है की शूटिंग महादेव घाट रायपुर में की गई है। पोस्टर विमोचन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, गायक लोकेश ठाकुर, गजानंद साहू, विजय मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। बता दें कि कृष्णा म्यूजिक की शुरुआत इसी राम भजन से की गई है। कृष्णा म्यूजिक की प्रोड्यूसर ज्योति ठाकुर हैं। राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है राम भजन में मुख्य भूमिका में छत्तीसगढ़ की जानी-मानी अभिनेत्री पायल साहू ने अभिनय किया है। इस गीत का म्यूजिक अरेंज रोहित सिन्हा मुंबई ने किया है। इस गीत को आप कृष्णा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल या फिर गाने का शीर्षक राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है।

लोकसभा चुनाव : होम वोटिंग के लिए मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में जाकर मतदान कराने के लिए आज मतदान अधिकारियों को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने बताया कि जिले में कुल 212 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 17 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी।

युवा विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मतदान के लिए किया जागरूक

राजनांदगांव (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत युवा, महिला एवं सभी वर्ग के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कान्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह ने कॉलेज के युवा विद्यार्थियों सहित समस्त स्टाफ को मतदान के महत्व को बताया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने युवा विद्यार्थियों से मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

कान्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव के बीएड, बीसीए और नर्सिंग के युवा विद्यार्थियों ने मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने बहुत अच्छा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। युवा विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया कि मजबूत राष्ट्र निर्माण में हर एक व्यक्ति को अपनी भूमिका समझकर मतदान करने जाना होगा। तभी देश में लोकतंत्र को मजबूत व सशक्त बनाया जा सकेगा। मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया। इसके साथ ही युवा विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता संदेश आधारित खूबसूरत रंगोली एवं पोस्टर बनाया और 26 अप्रैल 2024 को मतदान के लिए नागरिकों से आव्हान किया।

इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडे, कॉलेज के प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में युवा विद्यार्थी उपस्थित थे।

आचार्य पदारोहण महोत्सव कुंडलपुर में हुआ 'बुलेटिन' के आचार्य श्री विद्यासागर विनयांजलि विशेषांक का विमोचन

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित गणमान्य अतिथियों ने किया विमोचन



ललितपुर (विश्व परिवार)। आचार्य पदारोहण महोत्सव कुण्डलपुर में अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्रि-परिषद के बुलेटिन के आचार्य श्री विद्यासागर विनयांजलि विशेषांक का विमोचन परम पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के संचालन में, समारोह के मुख्य अतिथि श्री मोहन भागवत जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, नवीन जैन राज्यसभा सांसद, शास्त्रि परिषद के संरक्षक अशोक पाटनी, शास्त्रि परिषद के संरक्षक प्रदीप पीएनसी आगरा, शास्त्रि परिषद के अध्यक्ष डॉ श्रेयांस कुमार बड़ौत, महामंत्री ब्र. जयकुमार निशान्त, पूर्वमंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, शैलेन्द्र जैन विधायक सागर, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य झांसी, तरवर सिंह लोधी पूर्व विधायक आदि के संपादक मंडल द्वारा कराया गया।

विमोचन के बाद अंक की प्रति परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज, सभी पूज्य निर्यापक मुनिराज, मंच पर विराजमान सभी पूज्य मुनिराजों, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, मध्यप्रदेश के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ उज्ज्वल पाटनी सहित मंचासीन सभी गण्यमान्य अतिथियों को अंक की प्रति शास्त्रि -परिषद के अध्यक्ष डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत, महामंत्री ब्र. जयकुमार निशान्त टीकमगढ़, ब्र. जिनेश मलैया इंदौर, पंडित राजकुमार शास्त्री सागर, प्रचारमंत्री एवं मानद संपादक डॉ. सुनील संचय ललितपुर ने भेंट की। बुलेटिन के मानद संपादक डॉ. सुनील संचय ने बताया कि इस विशेषांक में समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के व्यक्तित्व कृतित्व के बारे में संतों, विद्वानों व गणमान्य लोगों के विशिष्ट आलेख व आचार्यश्री से जुड़े विशेष तथ्यों की जानकारी प्रकाशित की गई है। कुंडलपुर में आचार्य श्री विद्यासागर जी के उत्तराधिकारी के रूप में पट्टाचार्य पद पर आसीन हुए श्री समय सागर जी महाराज के बारे में भी जानकारी समाहित है।

इस मौके पर ब्र. नितिन भैया, ब्र. विनोद भैया, प्रो. फूलचंद्र प्रेमी वाराणसी, संयुक्त मंत्री पंडित विनोद कुमार जैन रजवांस, डॉ. अमित कुमार जैन आकाश वाराणसी, ब्र. धीरज भैया, पंडित सनत कुमार जैन रजवांस, पंडित श्रीनंदन जैन, संजीव शास्त्री, डॉ. राजेश शास्त्री, डॉ. आशीष शास्त्री, पंडित सचिन शास्त्री, पंडित शुभम शास्त्री, अनेकांत शास्त्री, पंडित वीरेंद्र शास्त्री, शीलचंद्र आदि विद्वान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। -**डॉ. सुनील संचय**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 18 अप्रैल 2024

संक्षिप्त समाचार

सिविल अस्पताल खरसिया के औचक निरीक्षण में पहुंचे सीएमएचओ चंद्रवंशी

रायगढ़,(विश्व परिवार)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने आज सिविल अस्पताल खरसिया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान दो आरएचओ महिला को अपना वेक्सीन कक्ष में साफ-सफाई व अव्यवस्थित पाये जाने तथा ऑन लाइन में एण्ट्री न किये जाने पर दोनों आरएचओ के दो दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही चपले में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर सीजेरियन प्रसव के लिये व्यवस्था कर प्रसव बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती समस्त मरीजों से हाल चाल पूछा और अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओ के बारें में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ एनआरसी पहुंचे जहां 11 बच्चे भर्ती थे। उन्होंने ब्लड बैंक में एक ही लैब टेक्नीशियन होने से वहां निर्वाचन समाप्ति के बाद शीघ्र ही व्यवस्था करने की बात कही।

जिले में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस

कोरबा(विश्व परिवार)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के उपस्थिति में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कोरबा जिले के सभी विकासखण्डों से मास्टर ट्रेनर्स मितानिन एस.एच.जी.मेम्बर्स सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेंटर फार कैटेलाईजिंग चेंज (सी-3) इंडिया के स्टेट हेड श्री दिलीप सरवटे द्वारा सुरक्षित मातृत्व दिवस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाने का उद्देश्य सम्मान जनक मातृत्व देखभाल के दौरान मौखिक और शारीरिक दुर्व्व्हार और भेदभाव से सुरक्षा शामिल है। उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर इसे बेहतर बनाया जा सकता है। बालिकाओं की गर्भावस्था में मृत्यु को कम करने एवं गरिमामय मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत व गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग और सेंटर फार कैटेलाईजिंग चेंज (सी-3) द्वारा सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्रसूती विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य सिसोदिया ने महिला केंद्रित गरिमामय स्वास्थ्य देखभाल पर जानकारी देते हुए दुर्व्यवहार की श्रेणियों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं इसे कम करने के लिए व्यवहार में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। सीएमएचओ ने स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में बताया कि किसी भी गर्भवती महिला के पंजीयन से लेकर नियमित प्रसवपूर्व जॉच और प्रसव के बाद तक की पूरी प्रक्रिया को फॉलो करना ही मातृत्व की सुरक्षा है।

कोरबा व रविशंकर नगर जोन में चला मतदाता जागरूकता अभियान

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज नगर पालिक निगम केरबा द्वारा कोरबा जोन एवं रविशंकर नगर जोन में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया तथा जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई तथा चुनाव में अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का आग्रह उपस्थित मतदाताओं से किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान से लोग निरंतर जुड़ रहे हैं तथा मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम केरबा के कोरबा जोन एवं रविशंकर नगर जोन में मतदाता रैली का आयोजन किया गया तथा रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

आधीरात को कलेक्टर-एसपी ने किया चेकिंग पॉइंट का निरीक्षण

14 चेकपोस्टों में स्थैतिक निगरानी दल और 12 उड़नदस्ता है सक्रिय

अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, आदि पर है नजर

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ तिवारी ने बीती रात लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़नदस्तों द्वारा जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर की जा रही जांच व कार्यवाही की टोह ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उच्चभट्ठी, उमरेली और लबेद (तुमान) में स्थैतिक निगरानी दल द्वारा जाँच पॉइंट पर की जा रही जांच को न सिर्फदेखा, बल्कि जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने और बरती जाने वाली सतर्कता और सावधानियों को लेकर भी उन्होंने महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए हैं। लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़नदस्तों के प्रत्येक दल में एक मजिस्ट्रेट सहित सहायक अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस कर्मी चेक पोस्ट पर कार्यरत हैं। यह दल प्रमुख मुख्य मार्गीय सड़कों, जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित कर जांच अभियान में जुटा है और अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर भी नजर रख रहा है। जांच किये जाने की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है तथा निर्धारित फार्मेट में दैनिक कार्यकलाप की रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हो रही इस जांच में सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश है। 14 चेकपोस्टों में स्थैतिक निगरानी दल और 12 उड़नदस्ता सक्रिय - जिले के लोकसभा क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाएं रखने तथा जांच के लिए कुल 14 चेकपोस्ट बनाएं गए हैं, जहां स्थैतिक निगरानी दल कार्यरत है। यहां तहसीलदारों को नोडल अधिकारी बनाते हुए तीन पाली में प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे, दो बजे से रात्रि 10 बजे और रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे का शिफ्ट निधारित किया गया है।

मतदान सबसे महत्वपूर्ण अधिकार, मतदाता इसकी ताकत को पहचानें - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाया सिग्नेचर कैंपेन

सुकमा(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम सुकमा में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस स्वीप कार्यक्रम में ''माई वोट, माई राइट'' की थीम पर रंगोली, चित्रकला, मानव श्रृंखला बनाकर 19 अप्रैल 2024 को लोकतंत्र के महापर्व में शत-प्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया गया। मतदाता जागरुकता संबन्धित जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक की मनमोहक प्रस्तुति के जरिए ''शत प्रतिशत मतदान, सुकमा का अभिमान'' और नन्ना वोट ईतन, सुकमातिन विकास कीतन, तुमचो मत,तुमचो अधिकार का पोस्टर के साथ संदेश देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी को शपथ दिलाई। कलेक्टर श्री हरिस. एस एवम् एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण ने विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाए गए रंगोली, पेंटिंग का अवलोकन किया तथा सराहना की। उन्होंने ''यस टू वोट, नो टू नोट'' सेल्फी बूथ में सेल्फी भी खिंचाई। उन्होंने कहा कि मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी देना है और उन्हें निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जागरूक होकर मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करना है कि वे मतदान के दिन मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में नगरीय निकाय, जनपद पंचायत, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नव वर-वधु, नर्सिंग कॉलेज, मितानिन, नागरिकगण सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण शामिल हुए।

मतदान प्रशिक्षण में डेमो करके सीखने से आत्मविश्वास बढ़ेगा : कलेक्टर

सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ के सेजेस स्कूल में 12 अप्रैल से शुरू किए गए जिला स्तर के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, 2 और 3 शामिल हुए। प्रतिदिन लगभग 900 अधिकारी-कर्मचारी इस प्रशिक्षण में शामिल होते हैं। यह प्रशिक्षण सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक प्रथम पाली और दोपहर 2 से 6 द्वितीय पाली संचालित होता है। आगामी 18 अप्रैल को भी यह प्रशिक्षण होगा। कलेक्टर साहू ने प्रशिक्षणार्थी नेहा ठाकुर से पूछे कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान मतदान दल में शामिल थे, तो कैसा अनुभव है। नेहा ठाकुर ने कहा कि हमें प्रेक्टिकली सभी कार्य को ज्ञान होना चाहिए। कलेक्टर साहू ने नेहा ठाकुर के जवाब को सही कहा। कलेक्टर ने कहा कि थ्योरी के साथ-साथ हमें प्रेक्टिकली ईवीएम मशीनों के कनेक्ट, सील, सभी प्रक्रिया का ज्ञान और भौतिक स्तर पर क्रियान्वयन करना आना चाहिए। कार्य का डेमो करके सीखने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। ट्रेनिंग में थ्योरी और समझाने से बेहतर और अच्छा डेमो करके दिखाना है। कलेक्टर साहू ने कई कक्षों में हो रहे प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान साहू ने डाक मत, टेंडर वोट, चैलेंज वोट आदि के बारे में प्रशिक्षणार्थियों से पूछे। प्रशिक्षणार्थियों ने इन सभी के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक एवं स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, मास्टर ट्रेनर चूडामणि गोस्वामी, एस.आर. अजय, जे.आर. बंजारे, एबीईओ मुकेश कुर्रे, प्राचार्य सुदीप्त प्रधान आदि उपस्थित थे।

देश की समृद्धि व विकास के लिए पुनः मोदी सरकार बनाने भाजपा कार्यकर्ता अडिग - रंजना साहू

गांव व शहरी क्षेत्रों में निरंतर बूथ स्तर एवं नुक्कड़ सभा के माध्यम से पुर्व विधायक रंजना साहू कर रही है भाजपा प्रत्याशी को जीताने सघन जनसंपर्क

धमतरी(विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू गांव व शहरी क्षेत्रों में जाकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं, उसके साथ-साथ ग्रामीण अंचल में साप्ताहिक बाजार में जाकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से पुन: भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार बनाने एवं भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूप कुमारी चौधरी जी को भारी मतों से विजई बनाने के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक ले रही है एवं नुक्कड़ सभा के माध्यम से पाम्प्लेट वितरण कर प्रचार प्रसार कर रही है। इस दरमियान श्रीमती रंजना साहू ने बलियारा, बोड़रा, डोड़की, शंकरदाह, सांकरा, भोथली, कंडेल, नवागांव, परेवाडीह लिमतरा सेहराडबरी, अंगारा, डाही, सेनचुवा, देमार,बिरेतरा, बारना, देवरी, झुरानवागांव धमतरी शहर अंतर्गत विंध्यवासिनी वार्ड, मराठा पारा बांसपारा वार्ड, रामपुर वार्ड, दानीटोला वार्ड सहित विभिन्न बूथों पर जाकर भाजपा प्रत्याशी को जीताने के लिए प्रचार प्रसार कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा है कि केंद्र सरकार की योजनाओं से सभी को लाभ मिला है देश की समृद्धि और चहुंमुखी विकास के लिए पुन: मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कृतसंकल्पित एवं अडिग है।

माइक्रो आब्जर्वर का कार्य एवं दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण : सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न कराने हेतु विशेष सावधानी एवं सतर्कता के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

बालोद(विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू ने कहा कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में माइक्रो आब्जर्वर के कार्यों एवं दायित्वों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. रेजू आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर निर्वाचन आयोग के नाक, कान एवं आँख बनकर निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। डॉ. रेजू ने जिले के सभी माइक्रो आब्जर्वर को बालोद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से तथा पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराने हेतु विशेष सावधानी एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वर के भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए बालोद जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने हेतु निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। चन्द्रवाल ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नही होती है। इसलिए निर्वाचन कार्य को त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी माइक्रो आब्जर्वर को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करना चाहिए।

विकास महतो ने बूथ पर यूथ को किया मजबूत

सरोज पांडेय को जिताने कार्यकर्ता हुए एकजुट...

कोरबा(विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं कोरबा लोकसभा के सह समन्वयक वरिष्ठ भाजपा नेता विकास महतो कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय की जीत सुनिश्चित करने विभिन्न वार्डों में कार्यकर्ताओं सहित हर वर्ग के लोगों की बैठक ले रहे हैं । सुश्री पांडेय की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए श्री महतो ने मोती सागर पारा शक्ति केंद्र वार्ड नं 07 एवम् सीतामणी शक्ति केंद्र वार्ड नं 10 में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में हर वर्ग के लोग शामिल हुए, विकास महतो ने बूथ को मजबूत करने यूथ को जिम्मेवारी दी है, सभी युवा विकास के साथ विकास की राह में चलने एकजुट हो गए हैं । प्रदेश नेतृत्व के निर्णय अनुसार अलग-अलग शक्ति केंद्रो की बैठक आयजित की गई, बैठकों में सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की दृष्टि से बूथ के बारीक बिंदुओ को विस्तार पूर्वक बताया गया । उन्होंने लोगों को चुनावी रणनीति पर विशेष चर्चा करते हुए कड़ी मेहनत कर लक्ष्य को हासिल करने की शुभकामनाएं प्रेषित की। बैठक में कोरबा विधानसभा के संयोजक डॉ. आलोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो रंजू यादव, मोती सागर पारा शक्ति केंद्र की प्रभारी प्रमिला सागर, संयोजक मनोज साहू, सहसंयोजक बजरंग यादव, विनोद यादव, सभी बूथ के अध्यक्ष, सचिव, बीएलए, पूर्व पार्षद बंशी महिलांगे, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, कैलाश चैहान, रवि शर्मा एवम् सीतामणी शक्ति केंद्र वार्ड नं 10 में उपस्थित वार्ड के पार्षद उर्वशी राठौर, सुजीत राठौर, राजेंद महंत, के डी वैष्णव, आत्मा राम गंधर्व, पुष्पराज सिंह, जय नारायण राठौर, वार्ड प्रभारी राकेश अग्रवाल, मनोज गुप्ता, सहसंयोजक गोविंदा, बूथ के अध्यक्ष, सचिव, बीएलए एवम् ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण की उपस्थिति रही.

26 नक्सलियों ने किया सरेंडर

जगदलपुर(विश्व परिवार)। सुरक्षाबलों की प्रखर कार्रवाई से नक्सली खेमे में हड़कंप मचा हुआ है। दंतेवाड़ा में एक या दो नहीं, बल्कि 26 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया, जिसे देखकर सुरक्षाबलों के भी होश फाख्ता हो गए। एक पल के लिए उन्हें लगा कि जैसे यह कोई चमत्कार हो रहा है, लेकिन यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि सच्चाई है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक इनामी नक्सली भी शामिल था। उस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। प्रतिबंधित माओवादी संगठन ने सुरक्षाबलों की कार्रवाई के विरोध में 15 अप्रैल को बंद का आह्वान किया था। नक्सलियों के बंद का कोई खास असर नहीं दिखा।सरेंडर करने वाले नक्सलियों के बारे में एसपी गौरव राय ने बताया कि यह सभी शरारती गतिविधियों में संलिप्त थे, जिसमें पोस्टर लगाना, बैनर लगाना, रसद एकत्रित करना, आगजनी करना, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाना शामिल है। छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों की प्रखर कार्रवाई का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि अब तक इस अभियान के अंतर्गत 717 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं, जिसमें 176 इनामी हैं। ये लोग कई विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर गुरूवार 18 अप्रैल 2024

व्यापार समाचार

बैंकिंग के तकनीकी शब्दों के जाल से बचाने के लिए आरबीआई की पहल

मुंबई(एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी बैंकों और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को निर्देश दिया कि वे लोन लेने वाले संभावित ग्राहकों को उन ऋणों और ब्याज के बारे में सरल शब्दों में 'मुख्य तथ्यों का विवरण' (केएफएस) प्रदान करें, जिनका भुगतान करने की उनसे अपेक्षा की जाती है ताकि उन्हें सूचित निर्णय लेने में मदद मिल सके। ग्राहकों को बैंकिंग के तकनीकी शब्दों के जाल से बचाने के लिए केंद्रीय बैंक ने यह पहल की है। निर्देश में कहा गया है कि बैंकों और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों जैसी सभी विनियमित संस्थाओं को आरबीआई द्वारा दिए गए मानकीकृत प्रारूप के अनुसार, ऋण अनुबंध निष्पादित करने से पहले सभी संभावित उधारकर्ताओं को केएफएस प्रदान करना होगा। आरबीआई ने कहा, केएफएस ऐसे ग्राहकों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में लिखा जाएगा। इसके कंटेंट को उधारकर्ता को समझाया जाएगा और एक पावती प्राप्त की जाएगी कि उसने इसे समझ लिया है। आरबीआई के निर्देश में कहा गया है कि केएफएस को एक यूनीक प्रोपोजल नंबर प्रदान किया जाएगा और सात दिन या उससे अधिक की अवधि वाले ऋणों के लिए कम से कम तीन कार्य दिवसों की वैधता अवधि होगी। सात दिन से कम अवधि वाले ऋणों के लिए एक कार्य दिवस की वैधता अवधि होगी। आरबीआई ने केएफएस पर सभी निर्देशों और वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) के प्रकटीकरण में सामंजस्य स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह पारदर्शिता बढ़ाने और विभिन्न विनियमित संस्थाओं द्वारा पेश किए जा रहे वित्तीय उत्पादों पर सूचना विषमता को कम करने के लिए किया जा रहा है, जिससे उधारकर्ताओं को सूचित वित्तीय निर्णय लेने में सशक्त बनाया जा सके। सामंजस्यपूर्ण निर्देश सभी विनियमित संस्थाओं, जैसे बैंकों और आवास वित्त कंपनियों द्वारा विस्तारित सभी खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण उत्पादों पर लागू होंगे।

कारोबारी हफ्ते के पहले ही दिन निवेशकों को झटका, 8 लाख करोड़ की लगी चपत

मुंबई(एजेंसी)। भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण बीएसई सेंसेक्स में आज जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। आज चल रहे कारोबार में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एसबीआई और विप्रो 1 फीसदी से ज्यादा नीचे हैं। 12 अप्रैल को पिछले कारोबारी सत्र में दर्ज किए गए 399.67 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन की तुलना में निवेशकों की संपत्ति 8.21 लाख करोड़ रुपये घटकर 391.46 लाख करोड़ रुपये हो गई। बीएसई पर सभी 19 सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। कैपिटल गुड्स, बैंकिंग, ऑटो, आईटी, ऑयल एंड गैस शेयरों में अच्छी-खासी गिरावट हुई है। बीएसई में कैपिटल गुड्स 610 अंक, बैंकिंग 695 अंक, ऑटो 584 अंक, आईटी 236 अंक, ऑयल एंड गैस 191 अंक तक गिरे। सुबह शुरुआती सत्र में शेयर बाजार में गिरावट के कारण करीब 208 शेयरों में लोअर सर्किट लगा, जबकि बीएसई पर 100 स्टॉक्स में अपर सर्किट लगा।

ओला ने भारत को ईवी-रेडी बनाया; एस1एक्स रेंज के इलेक्ट्रिक स्कूटर्स के साथ मास-मार्केट सेगमेंट में प्रवेश किया

बैंगलुरू। आज ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1एक्स पोर्टफोलियो के लिए नई कीमतों की घोषणा करके इलेक्ट्रिक स्कूटरों की डिलीवरी के बारे में भी जानकारी दी। एस1एक्स तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशंस - 2 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा और 4 किलोवॉट घंटा में उपलब्ध होगा, जिनका मूल्य क्रमश: 69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य), 84,999 रुपये, और 99,999 रुपये होगा। एस1एक्स की डिलीवरी अगले सप्ताह से शुरू होगी। कंपनी ने एस1 प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स+ की नई कीमतों के बारे में भी बताया, जो अब क्रमश: 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये और 84,999 रुपये में मिलेंगे। साथ ही सभी एस1 स्कूटरों पर 8 साल/80,000 किलोमीटर की कॉम्प्लिमेंट्री बैटरी वॉरंटी बिना किसी अतिरिक्त लागत के दी जा रही है। एस1एक्स रेंज के साथ कंपनी ने मास मार्केट सेगमेंट में प्रवेश किया है। एस1एक्स पोर्टफोलियो के लिए स्वामित्व की लागत कम है, और इस पर 8 साल/80,000 किलोमीटर की कॉम्प्लिमेंट्री बैटरी वॉरंटी मिल रही है, जिसके कारण यह बाजार में बहुत ही आकर्षक मूल्य प्रस्ताव पेश कर रहा है। ओला के प्रवक्ता ने बताया, ''हमारा मानना है कि भारत में ईवी का बाजार अपने चरम बिंदु तक पहुँच चुका है, और पिछले माह टू-व्हीलर सेगमेंट में ईवी का पेनेट्रेशन अब तक के सबसे ऊँचे स्तर पर था। हमारा एस1एक्स पोर्टफोलियो ईवी की ऊँची अपफ्रंट लागत का हल लेकर आया है, जो ईवी को अपनाने में आने वाली सबसे बड़ी अड़चनों में से एक है। ओला की मजबूत लागत संरचना और वर्टिकली इंटीग्रेटेड इन-हाउस टेक्नोलॉजी एवं मैनुफैक्चरिंग क्षमताओं के कारण हम अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर बहुत ही प्रतिस्पर्धी मूल्य में पेश कर पाए। एस1एक्स के नए मूल्यों और लोकप्रिय मूल्यों में विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ हमें विश्वास है कि हम देश में ईवी का पेनेट्रेशन बढ़ाने में मदद करेंगे।''

बतिस्ता अगुत ने बार्सिलोना में सफीउल्लिन को हराया

बार्सिलोना(एजेंसी)। पूर्व नंबर 9 रॉबर्टो बतिस्ता अगुत ने अपने करियर की 399वीं टूर-स्तरीय जीत के लिए बार्सिलोना ओपन में रोमन सफीउलिन को 6-3, 7-6(8) से हराया। उन्होंने पहले दौर में एक घंटे, 59 मिनट की जीत से पहले दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में एक सेट प्वाइंट बचाया। स्पैनियार्ड, जो इस सप्ताह अपने 12वें एटीपी टूर खिताब का पीछा कर रहा है, दूसरे दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से भिड़ेगा। सोमवार का दिन बार्सिलोना में निक हार्ड के लिए एक यादगार दिन था। 23 वर्षीय क्वालीफायर ने घरेलू पसंदीदा मार्टिन लैंडल्यूस को पिस्ता राफा नडाल कोर्ट पर 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी टूर के मुख्य ड्रॉ में पहली बार जीत हासिल की।

कार्तिक के 83 रन बेकार गए, कमिंस के 3 विकेट की मदद से हैदराबाद ने बेंगलुरु को 25 रन से हराया

बेंगलुरु(एजेंसी)। यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में अनुभवी बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की 35 गेंदों में 83 रन की पारी बेकार चली गई, क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद ने टी20 मैच के 30वें मैच में मेजबान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रनों से हरा दिया। आईपीएल के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए हैदराबाद ने ट्रैविस हेड के इम्पैक्ट विकल्प के रूप में मयंक मार्कंडेय को लाया। आरसीबी की तरह एसआरएच ने भी पहला ओवर स्पिनर अभिषेक शर्मा को दिया। ओवर की पांचवीं गेंद पर अभिषेक शर्मा ने विराट कोहली को 1 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। पावर-प्ले के बाद एसआरएच बिना किसी नुकसान के 76 रन पर था और आरसीबी ने अपने सलामी बल्लेबाजों की बदौलत 79/0 के साथ इसे बेहतर बनाया। कोहली ने पैट कमिंस की गेंद पर चौके के साथ पावर-प्ले को समाप्त किया। वह 19 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन पर थे। डु प्लेसिस ने भी 17 में से 37 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। मयंक मार्कंडेय ने गुगली को ऊपर उछाला और ऑफ स्टंप पर एक लेंथ पर डिप किया। कोहली स्लॉग स्वीप के लिए गए, लेकिन टर्न और गेंद की धीमी गति ने उन?हें नाकाम कर दिया। 6.2 ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर 1 विकेट पर 80 रन था, कोहली ने 20 गेंदों में 42 रन बनाए। आरसीबी के कप्तान ने आठवें ओवर की पांचवीं गेंद पर 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन?हें जयदेव उनादकट ने बोल्ड किया। रजत पाटीदार आए और उन्होंने अपनी दूसरी गेंद पर मार्कंडेय के सिर के ऊपर से जोरदार छक्का जड़ दिया। नौ ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर 3 विकेट पर 111 रन था। एक बार फिर कप्तान कमिंस ने दोहरा प्रहार किया। उन्होंने डु प्लेसिस को 62 रन पर और सौरव चौहान को शून्य पर आउट किया। आरसीबी ने आखिरी चार विकेट महज 13 गेंदों के अंदर गंवा दिए। ०आरसीबी के नंबर 3,4 और 5 के क्रमश: 7, 9 और 0 पर आउट होने के बाद दिनेश कार्तिक ने भीड़ को कुछ मनोरंजन प्रदान किया। उन्होंने महिपाल लोमरोर के साथ 59 रन जोड़े, जिसमें से महिपाल ने केवल 19 रन का योगदान दिया। लोमरोर ने दो छक्के लगाए, लेकिन कार्तिक दूसरे छोर से बाउंड्री लगाते रहे।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने ब्राज़ील में नए डिलीवरी सेंटर की घोषणा की

नई दिल्ली(एजेंसी)। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ब्राजील में एक नए डिलीवरी सेंटर की घोषणा की, जो अगले पांच साल में 1,600 से अधिक रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। यह केंद्र पराना प्रांत के लोन्ड्रिना में होगा। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देगा और क्षेत्र में टीसीएस की उपस्थिति को मजबूत करेगा। टीसीएस ब्राज़ील के प्रमुख ब्रूनो रोचा ने कहा, हम साइबर-सुरक्षा, क्लाउड, कॉग्निटिव बिजनेस ऑपरेशंस (सीबीओ), आईटीआईएस, एआई और ऑटोमेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोगियों की संख्या दोगुनी करना चाहते हैं, जो प्रौद्योगिकी

सेवाओं में नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है। कंपनी 2018 से लोन्ड्रिना में मौजूद है और शहर में लगभग 1,700 लोगों को रोजगार देती है। नया डिलीवरी सेंटर व्यवसाय परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सीबीओ जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विशेषज्ञता लाएगा, जो ब्राजील और दुनिया भर में ग्राहकों को आईटी सेवाओं का एक व्यापक सूट पेश करेगा। पराना प्रांत के गवर्नर कार्लोस मस्सा रतिन्हो जूनियर ने कहा, मैं उन क्षमताओं के बारे में अधिक जानने के लिए भारत आया हूं जो देश ने कई क्षेत्रों में बनाई हैं, खासकर डिजिटल प्रौद्योगिकियों में, जहां भारत एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता है। यहां से अनुभवों का लाभ उठाते हुए हम ब्राजील की अर्थव्यवस्था में विभिन्न सेवाओं और उत्पादों के डिजिटलीकरण को बढ़ा सकते हैं। टीसीएस ने कहा कि वह दो दशकों से अधिक समय से ब्राजील में लोन्ड्रिना, साओ पाउलो और रियो डी जेनेरियो में परिचालन कर रही है।

ग्लेन मैक्सवेल ने बीच आईपीएल छोड़ा आरसीबी का साथ, खुद बताई टूर्नामेंट छोड़ने की वजह

नईदिल्ली(एजेंसी)। आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु की हालत बहुत खराब है. टीम बैक टू बैक मैच हार रही है. इसी बीच टीम के लिए एक और बड़ी खबर सामने आई है. आरसीबी के स्टार क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 के बीच ब्रेक का ऐलान कर दिया है. असल में पिछले दिनों मैक्सवेल को इंजरी हुई थी, इसके पीछे वजह उनकी मानसिक और शारीरिक थकान है. जी हां, खुद मैक्सवेल ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को ये वजह बताई है. साथ ही ये भी कहा है कि यदि वह जल्दी इससे उबरने में कामयाब होते हैं, तो वह इस सीजन के बचे हुए मैचों के लिए वापसी कर सकते हैं. आईपीएल 2024 के बीच ग्लेन मैक्सवेल के



ब्रेक लेने के फैसले ने सभी को हैरान कर दिया है. सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच से पहले कबर आई की इंजरी के चलते मैक्सवेल को बाहर किया जाएगा. मगर, अब मैक्सी ने बताया है कि उन्होंने मैनेजमेंट से बात करके खुद को प्लेइंग-11 से बाहर कराया था. मैक्सवेल ने कहा, मेरे लिए ये काफी आसान फैसला था. पिछले मैच के बाद मैं फाफ डु प्लेसिस और कोच के पास गया और मैंने कहा कि शायद अब किसी दूसरे खिलाड़ी को ट्राई करने का वक्त आ गया है. मैं इस तरह की कंडीशन में पहले रह चुका हूं, जहां आप अगर खेलना जारी रखते हैं तो फिर और भी फंसते जाते हैं. मेरे हिसाब से ये मेरे लिए खुद को मेंटल और फिजिकल ब्रेक देने का सही समय है. अगर जरुरत पड़ी तो मैं दोबारा टूर्नामेंट में वापसी करुंगा. मुझे लग रहा था कि मैं पॉजिटिव तरीके से टीम के लिए योगदान नहीं दे पा रहा था. आईपीएल 2024 में ग्लेन मैक्सवेल ने अब तक कुछ खास नहीं कर सके हैं.

देश का वस्तु व्यापार घाटा मार्च में 11 महीने के निचले स्तर 15 .6 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली(एजेंसी)। आयात में उल्लेखनीय गिरावट के कारण देश का वस्तु व्यापार घाटा फरवरी में 18.71 अरब डॉलर की तुलना में मार्च में 11 महीने के निचले स्तर 15.6 अरब डॉलर पर आ गया। वस्तु व्यापार घाटा किसी देश की वस्तुओं के निर्यात से होने वाली कमाई और आयातित वस्तुओं के लिए किये गये भुगतान का अंतर है। पिछले साल मार्च में यह 18.96 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक आर्थिक मंदी और लाल सागर क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव के कारण शिपिंग में व्यवधान के बीच मार्च में निर्यात में 0.3 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई और यह 41.68 अरब डॉलर हो गया। इलेक्ट्रॉनिक आइटम,

फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग सामान जैसे 30 प्रमुख क्षेत्रों में से 17 ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में मार्च में निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। माह के दौरान आयात 5.98 प्रतिशत घटकर 57.28 अरब डॉलर रह गया जिससे व्यापार घाटा कम करने में मदद मिली। जिन प्रमुख वस्तुओं के आयात में गिरावट दर्ज की गई उनमें सोना, उर्वरक, चमड़ा उत्पाद, लोहा और इस्पात और पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं। देश का वस्तु व्यापार घाटा 31 मार्च को समाप्त पूरे वित्तीय वर्ष के लिए 9.33 प्रतिशत घटकर 240.17 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान निर्यात 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 5.41 प्रतिशत गिरकर 677.24 अरब डॉलर रहा।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 व्यापार के दृष्टिकोण से कठिन था क्योंकि न केवल यूक्रेन-रूस संघर्ष जारी रहा, बल्कि अन्य संघर्ष भी सामने आए। विश्व स्तर पर लाल सागर और मंदी के साथ-साथ दूसरे बड़े मुद्दे थे। लेकिन भारत ने सभी बाधाओं को हरा दिया है।

मुस्तफ़िज़ुर 1 मई तक चेन्नई के लिए उपलब्ध रहेंगे

नई दिल्ली(एजेंसी)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान के चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अनापत्ति पत्र को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है। इसका मतलब है कि अब मुस्तफ़िज़ुर 30 अप्रैल को वापस लौटने की जगह 1 मई को पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट ऑपरेशन के उप प्रबंधक शहरयार नफ़ीस ने कहा, हमने 30 अप्रैल तक मुस्तफ़िज़ुर को आईपीएल में खेलने की छूट दी थी, लेकिन 1 मई को ही चेन्नई का एक मैच है। टीम और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा अनुरोध प्राप्त होने के बाद हमने मुस्तफ़िज़ुर की छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है। मुस्तफ़िज़ुर ने पांच मैचों में 18.30 की औसत से 10 विकेट चटकाए हैं जिसमें पहली बार आईपीएल में उनके द्वारा एक मैच में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने के बाद यह उनका आईपीएल का सर्वश्रे?ठ प्रदर्शन हो गया है। आग़ामी टी20 विश्व कप के वीज़ा संबंधित काम के चलते मुस्तफ़िज़ुर पिछले सप्?ताह ढाका में थे। श्रीलंका के ख़िलाफ़ पिछली टी20 सीरीज़ में केवल दो विकेट लेने के बाद मुस्तफ़िज़ुर को बांग्लादेश की वनडे टीम से बाहर कर दिया गया था और अब उन्होंने सही समय पर विकेट लेने शुरू किए हैं।

ज़ोडियाक ने किया 2024 पोसिटानो प्योर लिनेन कलेक्शन पेश

रायपुर। ज़ोडियाक लिनेन कपड़ा बुनाई में उपयोग किए जाने वाले सबसे पुराने फाइबर्स में से एक है। सन के पौधे के तने से बुने गए इस फाइबर को दुनिया के सबसे मजबूत प्राकृतिक फाइबर के रूप में पहचाना जाता है। लिनेन के कपड़े की बुनाई शरीर में हवा के स्वतंत्र आवागमन को सुनिश्चित करती है, जिससे यह गर्मियों के लिए एक आइडल गारमेंट बन जाता है।

ज़ोडियाक लिनेन शर्ट हर बार धोने और पहनने के साथ अधिक आरामदायक हो जाती है। वास्तव में कृत्रिम, नेचुरली रिंकल्ड केवल आपके ग्रीष्मकालीन लुक की सुंदरता को बढ़ाते हैं।

इस लॉन्च के बारे में जेडसीसीएल के वाइस चेयरमैन और एमडी सलमान नूरानी ने कहा कि, ज़ोडियाक के 2024

पॉसिटानो कलेक्शन में शर्ट के रंग फ्रेंच फ्लैक्स से बुने हुए लिनेन फैब्रिक में इटैलियन रिवेरा के रंगों को दर्शाते हैं।

इस कलेक्शन का कलर पैलेट इटैलियन रिवेरा पर अमाल्फी तट स्थित एक अनूठे शहर पोसिटानो के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य को दर्शाता है। बेज, गुलाबी, पीले और टेराकोटा के घर, जो पहाड़ियों के किनारे से क्रिस्टल नीले भूमध्यसागरीय पानी तक गिरते हैं, वे शॉर्ट और लॉन्ग दोनों आस्तीन में सॉलिड लाइन और चेक की विस्तृत रेंज में उपलब्ध हैं।बहुत ही सुंदर पहनावे के लिए इसे ज़ोडियाक लिनेन जैकेट, ट्राउजर और बंद गले के साथ एक जोड़ कहा जा सकता है।

सैमसंग ने भारत में एआई टीवी के नए युग की घोषणा की, शक्तिशाली एआई फीचर्स के साथ नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4K और ओएलईडी टीवी लॉन्च किए

बेंगलुरु। भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने आज बेंगलुरु के सैमसंग ओपेरा हाउस में आयोजित 'अनबॉक्स एंड डिस्कवर' इवेंट में अपने अल्ट्रा-प्रीमियम नियो क्यूलएलईडी 8K, नियो क्यूअएलईडी 4K और ओएलईडी टीवी के लॉन्च के साथ एआई टीवी के एक नए युग की घोषणा की है। नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4K और ओएलईडी टीवी की 2024 सीरीज पावरफुल, एआई-आधारित सोल्यूशन के साथ आपके घरेलू मनोरंजन को और बेहतर बनाएगी। इस मौके पर सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा सैमसंग उपभोक्ताओं की जीवनशैली को बेहतर बनाने के लिए अपने प्रोडक्ट्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की नई क्रांतिकारी टेक्नोकलॉजी का इस्तेमाल कर रहा है। यही कारण है कि हमने अपने उपभोक्ताओं को शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए घरेलू मनोरंजन में एआई को जोड़ा है। नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूकएलईडी 4K और ओएलईडी टीवी की हमारी 2024 रेंज घरेलू मनोरंजन को नई पहचान देती है। इसके अलावा ये रेंज ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की ताकत का इस्तेमाल करते हुए इस्तेमाल में आसानी, मजबूती और सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। सैमसंग इंडिया में विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा टेलीविज़न आधुनिक जीवन के केंद्रबिंदु के रूप में उभरे हैं। ये टेक्नोलॉजी और जीवनशैली को सहजता से एक दूसरे के साथ जोड़ रहे हैं। भारत में बड़ी स्क्रीन साइज की बढ़ती मांग उपभोक्ताओं की प्रीमियम टीवी के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाती है। हम ऐसे एआई टीवी लॉन्च कर रहे हैं जिन्हें ऑडियो और विजुअल के नए मानक स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई के पावर से चलने वाले 8K नियो क्यूएलईडी, 4K नियो क्यूएलईडी और ओएलईडी टीवी की हमारी नई रेंज के लॉन्च के साथ हमें विश्वास है कि भारत के बाजार में हमारी लीडरशिप पोजीशन और मजबूत होगी।''

भीषण गर्मी-चटख धूप से चढ़ा पारा

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित राज्य के अन्य जिलों में बारिश के बाद अचानक मौसम गर्म होने से अब लोगों का जीना मुहाल हो गया है। भयंकर गर्मी और चटख धूप के बीच पारा अचानक ऊपर चला गया है। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। रायपुर में मौसम सामान्य है और लोगों को सुबह हल्की ठंड के बाद भीषण गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा हैं।

संक्षिप्त समाचार

लायंस क्लब शीखर रायपुर के साथ बाल आश्रम के बच्चों ने देखा विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट अजूबा का जादू

रायपुर (विश्व परिवार)। रंगमंदिर ऑडिटोरियम (निकट सिटी कोतवाली चौक) रायपुर में चल रहे विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट अजूबा का जादू बुधवार दोपहर 1 बजे के शो में लायंस क्लब शीखर रायपुर की चार्टर्ड प्रेसीडेंट सरोज पांडेय, अध्यक्ष मीनाक्षी भार्गव, सचिव पम्मी रोकड़िया, कोषाध्यक्ष ममता साहू, लायन प्रभा मंथा के साथ बाल आश्रम के बच्चों ने जादू शो देखा। शो के दौरान जादूगर सम्राट अजूबा ने वाटर डेथ चैलेंज वा एक लड़की को हवा में उड़ाकर सभी को दाँतों तले उँगलियाँ दबाने पर मजबूर कर दिया। शो के दौरान एक ब्लेड खाकर 100 ब्लेड निकालना भी लोगों को हैरान कर दिया। लायंस क्लब की चार्टर्ड प्रेसीडेंट सरोज पांडेय जी ने कहा कि ऐसा जादू शो रायपुर शहर में पहली बार आया है जिसे कि हम सब पूरे परिवार के साथ देख सकते हैं। शो प्रबंधक रुद्र प्रताप सिंह के अनुसार स्कूल, कोचिंग, ग्रुप बुकिंग के लिए विशेष छूट दिया जा रहा है। रोजाना 3 शो चलते हैं- 1 बजे, 4 बजे एवं शाम 7 बजे से जिसका टिकट ऑनलाइन www.jadugarajooba.com या रंगमंदिर परिसर में बने टिकट काउन्टर से ले सकते हैं।

रायपुर रेल मंडल के यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की विशेष पहल

रायपुर (विश्व परिवार)। ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियो की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग-जबलपुर-दुर्ग के मध्य 09 फेरों के लिए ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी दुर्ग से दिनांक 23, अप्रैल, 2024 से 18 जून, 2024 प्रत्येक मंगलवार को 01702 नं के साथ जबलपुर के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी दुर्ग रेलवे स्टेशन से 9:30 बजे रवाना होकर रायपुर 10:10 बजे, भाटापारा 12.05 बजे, उसलापुर 13:10 बजे, पेंड्रा रोड 14.45 बजे, अनूपपुर 15:30 बजे, शहडोल 16:10 बजे, उमरिया 17.00 बजे साउथ कटनी 19.15 बजे, सिहोरा रोड 20:30 बजे जबलपुर 21:15 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार जबलपुर से दिनांक 22 अप्रैल से 17 जून, 2024 प्रत्येक सोमवार को 01701 नंबर के साथ दुर्ग के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी जबलपुर से 20:30 बजे रवाना होकर सिहोरा रोड 21:05 बजे, कटनी साउथ 21.35, बजे, उमरिया 22.55 बजे, शहडोल 00.04 बजे, अनूपपुर 00.41 बजे, पेंड्रा रोड 1:20 बजे, उसलापुर 02.50 बजे, भाटापारा 3:45 बजे, रायपुर 5:00 बजे, दुर्ग 6:15 पर पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 एसएलआर, 02 सामान्य, 05 स्लीपर, 11एसी थ्री इकोनामी तथा 02 एसी-2 सहित कुल 22 कोच की सुविधा रहेगी।

दुर्ग-जबलपुर-दुर्गके मध्य ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नक्सलियों को ढेर करने वाले अफसरों को डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दी बधाई

रायपुर (आरएनएस)। अबूझमाड़ के हापाटोला में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 29 नक्सलियों को मार गिराए जाने के बाद उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने वाले पुलिस कमांडरों से बात कर उन्हें बधाई दी. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉलिग के जरिए बात करते हुए जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए सावधानी बरतने की भी सलाह दी. उन्होंने कहा कि आईजी और एससी साहब से भी मेरी बात हुई है. अति उत्साह में कोई न आएं. सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें. हम सब आपकी चिंता में लगे हुए हैं. उन्होंने कहा कि कुछ ही ऐसा है (इनकाउंटर), तो पूरी योजना और सुरक्षा के साथ आगे बढ़ें. और बाकी दूसरी तरीके से भी उन लोगों (नक्सलियों) से बात कर रहे हैं. बता दें कि मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ पुलिस के कई ऐसे कमांडर भी शामिल थे, जो अब तक 56 से लेकर 78 तक इनकाउंटर कर चुके हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित

लोकसभा निर्वाचन 2024 : मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/ विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर रोक

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत देश में हो रहे सातों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणीकरण आवश्यक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत तीनों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। आयोग के निर्देशानुसार प्रथम चरण में 18 और 19 अप्रैल, दूसरे चरण में 25 और 26 अप्रैल तथा तीसरे चरण में 6 और 7 मई को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्वप्रमाणीकरण

बेहतर स्वास्थ्य ही सर्वोच्च प्राथमिकता संकल्प के साथ वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की आठवीं वर्षगांठ

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में मेडिकल क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में गिने जाने वाले तेलीबांधा रिंग रोड नंबर 1 में स्थित वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सफलतापूर्वक आठ वर्ष पूर्ण कर नौवे वर्ष में प्रवेश किया। वी. केयर हॉस्पिटल के प्रमुख डायरेक्टर डॉक्टर विवेक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके हॉस्पिटल ने छत्तीसगढ़ वासियों के असीम सहयोग व विश्वास से तथा हॉस्पिटल के सभी साथी डॉक्टर्स, नर्स व कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक 8 वर्ष पूर्ण कर नौवें वर्ष में प्रवेश किया है। इस अपार स्नेह के लिए उन्होंने समस्त छत्तीसगढ़ वासियों का आभार व्यक्त किया। वी. केयर हॉस्पिटल को कोविड के दौरान किए गए बेहतरीन कार्यों हेतु छ.ग. शासन से अच्छी रेटिंग प्रदान की गई, जो मरीजो के प्रति हमारे समर्पण और संकल्प का उदाहरण है।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि विगत 8 वर्षों में वी केयर हॉस्पिटल ने लोगों का विश्वास हासिल किया है, जो अपने आप में गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि विगत के वर्षों में 40 हजार से अधिक ҈, 15 हजार से अधिक सर्जरी, 20 हजार से अधिक ҈ एवं अन्य जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूर्ण की गई।

100 बिस्तरों का अस्पताल पूर्णतः आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है जिसमें एडवांस ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा विभाग, घुटने एवं कंधे की ऑर्थोस्कोपी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर, न्यूरो सर्जरी, क्रिटिकल केयर यूनिट, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल सर्जरी, मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी एवं एंडोस्कोपी यूनिट, मेडिसिन एवं डायलिसिस यूनिट, श्वास एवं छाती रोग, थोरेसिक एवं वास्कुलर सर्जरी, पीडियाट्रिक विभाग, यूरोलॉजी विभाग, कान नाक एवं गला रोग विभाग, कैंसर केयर यूनिट, मनोरोग विभाग, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, आदि विभागो की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

इसके अलावा यहां 24 घंटे आपात सुविधा मॉडुलर आईसीयू, 16 स्लाइस सीटी स्कैन, डिजिटल एक्सरे, प्रत्येक बेड पर ऑक्सीजन सुविधा एवं सोनोग्राफी, ईसीजी एवं इकोकार्डियोग्राफी, हाईटेक पैथोलॉजी लैब, 24 घंटे एंबुलेंस, मेडिकल शॉप एवं कैंटीन सुविधाएं उपलब्ध है।

उपरोक्त सभी विभागों में अनुभवी व दक्ष विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सुविधाओं का विस्तार करते हुए नए विभाग की सेवाए भी आरंभ की गई है। इनमें न्यूरोलॉजी एवं स्पाइन केयर, यूरोलॉजी स्टोन क्लीनिक भी आरंभ किया गया है। इसमें बहुत ही गुणी विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। भविष्य में इलाज के लिए लोगों को दूसरे राज्य ना जाना पड़े, मरीजों को संपूर्ण इलाज यहां पर ही उपलब्ध कराया जा सके ऐसा प्रयत्न किया जा रहा है।

साथ ही आम लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं ओपीडी का आयोजन किया जाता है जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। अधिक जानकारी हेतु हॉस्पिटल में संपर्क किया जा सकता है।

कांग्रेस, जनता कांग्रेस जोगी समेत कई संगठनों के 300 कार्यकर्ता बीजेपी में हुए शामिल

रायपुर (विश्व परिवार)। भाजपा सरकार के सुशासन के चलते विभिन्न राजनीतिक दलों, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे है। रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ब्रिजोमाहन अग्रवाल जनसंपर्क के दौरान मंदिर हसौद के खौली गांव में कांग्रेस, जनता जोगी कांग्रेस के पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच समेत विभिन्न संगठनों के 300 से लोग भाजपा में शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्पना पवित्र साहू, पंच प्रेमदास बघेल,पंच लालाराम बघेल, मनीष रात्रे,नरेन्द्र बांदे,जीतराम कोशरिया, टिकेशवर कोटरे, सेतकुमार कुरै, अनिल सोनवान, भावसिंग बारले, राजकुमार मारली, गजानंद साहु नराका गायकवाड,वेदप्रकाश साहू, विकास भानिकपुरी, नेतराम भापन, घनश्याम मारको समेत 300 से ज्यादा लोगों को अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास पर काम कर रही साथ ही पार्टी की राष्ट्रहित की नीतियों के चलते ही लोग भाजपा में आ रहे है। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी को बधाई देते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने और जनता तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, श्याम नारंग, संजय ढीढी, सुनील मिश्रा समेत पार्टी के वरिष्ठनेता भी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास से मिला गरीबो को पक्का छत, तीन करोड़ लोगों को अगले पाँच वर्षों में मिलेगा अपना पक्का मकान : विजय शर्मा

देश के 50 प्रतिशत आबादी माताओं के पीड़ा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने समझा, पक्का मकान, पक्का शौचालय, हर घर नल से जल और उज्वला गैस के बाद अब मिलेगा सोलर पैनल से बिजली : उप मुख्यमंत्री

कवर्धा (विश्व परिवार)। बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में दौरा करने पहुँचे कवर्धा विधायक उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महराजपुर, खैरबना, रौचन, समनापुर पहुँचकर जनता से भेंट मुलाकात के साथ सघन जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को विजय दिलाने के लिए लोगो से आव्हान भी किया।

सभा मे विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा आज़ादी के 55 साल बीत जाने के बाद भी न देश से गरीबी हटी और न ही लोगो को मूलभूत सुविधा मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के आधी आबादी 50 प्रतिशत महिला आबादी के पीड़ा को समझते हुए मूलभूत सुविधा उन तक पहुचाने का काम किया। उन्होंने कहा महिलाओं के बड़ी समस्या स्वछता और सम्मान का ख्याल रखते हुए ओ डी एफ खुला शौचालय मुक्त भारत बनाकर महिलाओं के सम्मान के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया वही 10 वर्षों में देश मे 4 करोड़ पक्के मकान बनाये गए तो करोड़ो लोगो को चूल्हे के धुएं से निजात दिलाते हुए उज्वला गैस घर घर तक पहुँचा दिया। अब हर घर नल से जल की सेवा मूर्त रूप लेने लगी है।

उन्होंने कहा देश की सुरक्षा के साथ साथ नए विकसित भारत की कल्पना से भारत आगे बढ़ा इन सबके बीच देश के गरीब तबके तक मूलभूत सुविधा का सीधा लाभ उन तक पहुँचे ऐसी व्यवस्था की है। भारत को आगे बढ़ाने के लिए देश की जनता ने मन बना लिया है तीसरी बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनना है। उन्होंने कहा देश को नई दशा और दिशा देने वाले इस यज्ञ में राजनांदगांव पीछे नही रहने वाला है। कवर्धा से भाजपा के सहज सरल प्रत्याशी संतोष पांडे जी को भारी बहुमत से जिताकर कवर्धा भी मोदी जी के संकल्पना को साकार करने के लिए आहुति देगा।

श्री शर्मा ने रामनवमी के अवसर पर कवर्धा सहित पूरे छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई देते हुए कहा भांचा राम के आज जन्मदिन हे अऊ भांचा के कतका मान अऊ सम्मान छत्तीसगढिया मन कतका करथन एला सब झन जानथन। वही भांचा राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा भी मोदी जी के कार्यकाल में होईस हे। हमर भांचा भगवान राम अयोध्या म अपन भव्य मंदिर में विराजमान होईस हे वो 22 जनवरी के सुंदर दृश्य से मन भर जथे। भगवान राम के राम नवमी के बेरा सब झन ल बधाई।

इस अवसर पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, ईश्वरी साहू, भाजपा भोरमदेव मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

मॉड्यूलर क्ले वर्क शॉप क्ले करमा मिट्टी से मूर्ति तक का प्रशिक्षण दिया गया

श्रीकला ग्रुप गुजरात के अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने नृत्य संगीत एवं नाटक की भावपूर्ण अद्भुत प्रस्तुति की गई

रायपुर (विश्व परिवार)। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2024 द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सांस्कृतिक आयोजनों में आज 17 अप्रैल को निर्वाण ग्रुप रायपुर द्वारा मॉड्यूलर क्ले वर्क शॉप क्ले करमा मिट्टी से मूर्ति तक का प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाण ग्रुप की अध्यक्ष मोना जैन, तृप्ति बरडिया, सचिव आश्रिता जैन, मयूरी जैन ने बताया की यह क्ले करमा वर्क शॉप का आयोजन इस बार महोत्सव में हमारे द्वारा पहली बार किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य बच्चो से लेकर बड़े सभी हमारे देश की मिट्टी एवं हमारी विरासत जैन धर्म की संस्कृति से जुड़े रहे। इस 1 दिवसीय वर्क शॉप में क्ले आर्ट के प्रशिक्षक अजय पोद्दार द्वारा लाइव बच्चो को मॉड्यूलिट का उपयोग कर आर्ट किस तरह बनाया जा सकता है। यह सिखाया गया। इस वर्क शॉप में जैन धर्म के प्रतीक चिन्ह महावीर जयंती पर भगवान महावीर का क्ले आर्ट बनाने का 1 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्क शॉप में कुल 150 छोटे बड़े बच्चो ने भाग लिया। जिसे दो वर्गों में बाटा गया था। वर्ग, में 7 साल से 14 साल के बच्चे और वर्ग क्क में 14 साल से बडो बच्चो का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने वाले अजय पोद्दार ने बताया की पिछले 12 वर्षो से वर्क शॉप के साथ मुरल आर्ट क्ले सेरामिक मुराल ऑनलाइन क्लासेज चलाते आ रहे है। उनके द्वारा पुणे, मुंबई, दिल्ली आर्ट कॉलेज में 10 दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया जाता है। ऑनलाइन क्लास में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग 250 लोग प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आज जो बच्चो ने प्रशिक्षण लिया है उनकी प्रतिस्पर्धा 20 अप्रैल को करवाई जायेगी। इस आयोजन में विशेष रूप से निर्वाण ग्रुप के अध्यक्ष मोना जैन, तृप्ति बरडिया, सचिव आश्रिता जैन, मयूरी जैन, वर्षा गुंडाहल, अंकिता गोलछा, मोनिका जैन, वर्षा संचेती, राशि झाबक, निधि जैन, बरखा जैन, खुश्बू साखला, पूजा जैन, श्वेता बोथरा, पायल झबाक, शेवी बाफना, श्रद्धा लोढ़ा, रूपल नवलखा, पूजा चोपड़ा, रुचि पारख, श्वेता बोहरा, श्वेता, विशेष कार्य हेतु मोना जैन, आश्रिता रायसोनी तृप्ति बरडिया, वर्षा संचेती, मयूरी गोलछा, स्नेहा, निधि लोढ़, नीलू झाबाक, सरिता जैन, प्रीति जैनका विशेष रूप से उपस्थित थी।

आज रात्रि श्रीकला ग्रुप गुजरात के सूरत से आए अंतरराष्ट्री कलाकारों नृत्य, संगीत, नाटक द्वारा द्वारा माता त्रिशाल के लाला भगवान महावीर पर बहुत ही सुंदर भावपूर्ण अदभुत प्रस्तुति दे रहे है। इस अद्भुत प्रस्तुति को देख कर धर्म प्रेमी बंधुओ आचार्यचकित रह गए। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मंच गूंज उठा। सभी उपस्थित कलाकारों ने अपनी जैन धर्म की संस्कृति भगवान महावीर की उपदेश उनका संदेश आदि चीजों को बहुत अच्छे से प्रदर्शित किया।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 15 दिवसीय प्रभात फेरी में आज को प्रभात फेरी प्रातः 6.30 बजे 17 अप्रैल को पंचशील नगर श्री उत्तमचंद जी मुथा के निवास स्थान पंचशील नगर होते हुए से पाम रेसीडेंसी कटोरा तालाब रायपुर में समाप्त हुई।

दिनाँक 19अप्रैल 2024 शुक्रवार शाम 7.30 बजे से जैन दादाबाड़ी एम .जी रोड़ रायपुर में श्री दिगम्बर जैन महिला मंडल रायपुर द्वारा उपसर्गजयी सुकुमाल महामुनिराज की कथा मोक्ष के प्रेमी (राग से वैराग्य की ओर) भव्य नाटिका का आयोजन किया गया है। जिसकी संयोजक- श्रीमति श्रद्धा योगेंद्र जैन (गुरुकृपा) सह संयोजक- श्रीमति लवली जैन, रश्मि जैन, प्रियंका जैन, संध्या जैन, हिना जैन. आदि द्वारा यह धार्मिक नाटक तैयार कर प्रस्तुत किया जा रहा है।

आज विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुबह 11:00 बजे सुधर्म महिला मंडल द्वारा महावीर भवन, नयापारा में साधार्मिक सहायता का आयोजन किया गया जिसमे विशेष रूप से शारदा बोथरा उपस्थित थी। दोपहर 3:00 वीर quizक्षरी का आयोजन भक्ति बहुमंडल, शंकर नगर द्वारा दादाबाड़ी, एम. जी. रोड में आयोजित किया गया। जिसमे विशेष रूप से रेणु बरडिया, विनीता टाटिया उपस्थित थी। शाम 4:00 जैन वेशभूषा नवकार मंडल, डी. डी. यु. नगर द्वारा दादाबाड़ी, एम. जी. रोड में आयोजित की गई जिसमे सुनीता कात्रेला प्रमिला जैन विशेष रूप से उपस्थित थी। -**प्रणीत जैन**

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354